is still the only medium for being educated, entertained and informed.

The External Services Division (ESD) is one of the very important and sensitive Services of AIR. This Service acts as a bridge between India and the world. The ESD has adopted sixteen foreign and eight Indian languages for airing different news, cultural and sports-based programmes for the overseas listeners. This Division caters to the Indians settled abroad. The primary object of ESD is to project the image of a modern, progressive India with its commitment to the principles of democracy and international peace and harmony. It also edeavours to counter the false and baseless propaganda of its enemies.

Madam, during the fast few years a large number of people from Orissa have gone to different foreign countries for jobs. Most of them are at present working in various countries of the Gulf. There is no means of entertainment as well as information in their own language about the development of new India. These workers hardly know English or any other foreign language. The newspapers in their mother tongue cannot reach them. Therefore, they are totally isolated and ignorant of the happenings in India. Keeping in view the problem of the ever-increasing number of Oriya people abroad, I would request the hon. Minister of Information and Broadcasting to instruct the AIR to include Oriya language in the ESD and air programmes for the benefit of the overseas Oriyans. Thank you.

---

**The Criminal Law (Amendment) Bill, 1995—Contd.**

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, यह बहुत ही महत्वपूर्ण विधेयक है और में आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हू सत्ता पक्ष की जो कुर्सियां हैं उनकी ओर मैडम, इनके 94 सदस्य हैं और लगता यह है कि इनके सदस्यों को दिलचस्पी नहीं है इस विधेयक को पास करने में क्योंकि 94 सदस्यों में से केवल 3 ही सदस्य उपस्थित हैं, अगर 2 मंत्रियों को छोड़ दिया जाए । . . . (व्यवधान) मैं केवल आपका ध्यान आकर्षित कर रहा हूं । . . . (**व्यवधान**) . . .

**श्री संघ प्रिय गौतम** (उत्तर प्रदेश) : मालवीय जी, कुर्सी जाने वाली है इनकी . . . (**व्यवधान**) . . .

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा)** : मालवीय जी, आप अपनी बात जारी रखें । आपका समय कम है, केवल चार मिनट का समय है । आप अपनी बात कहें ।

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : जी, मैडम, मैं अपनी ही बात कर रहा हूं इनकी दिलचस्पी नहीं है और अगर यह विपक्ष के लोग भी बाहर चले जाएं तो कोरम के अभाव में सदन स्थगित किया जा सकता है ।

मैडम, यह जो दंड विधि संशोधन विधेयक, 1995 है, यह केवल इसलिए लाया गया है ताकि आतंकवादी और विध्वंसकारी क्रियाकलापों के निवारण के लिए उनसे निपटने के लिए तथा दण्ड विधि को अनुपूरित करने के लिए विशेष उपबंध हो सके । यह जो आतंकवादी विध्वंसकारी गतिविधियां हैं यह राष्ट्र के लिए बहुत ही हानिकारक हैं । इससे राष्ट्र टूट भी सकता है और राष्ट्र की जो सार्वभौमिकत है उसके लिए भी इससे खतरा है । लेकिन जो राज्य का आतंकवाद है, वह व्यक्ति, नागरिकों या जो नागरिकों का समूह है, उससे अधिक खतरनाक होता है । वर्तमान दंड विधि संशोधन विधेयक जो है, यह केवल कुछ संशोधनों के साथ जो पुराना "टाडा है, वही है और एक मामले है उससे भी ज्यादा खतरनाक है । "टाडा" जो था, जिसे सन् 1985 में पारित किया था

संसद ने, उसको कम से कम प्रति दो वर्ष में संसद के सामने लाकर के संसद की अनुमति लेनी पड़ती थी, लेकिन जो वर्तमान संशोधन विधेयक है इसमें अनुमति की भी आवश्यकता नहीं है और जो हमारे कानून की किताब है, उसमें एक स्थाई विधेयक लाने का प्रयास सरकार कर रही है और यह अनावश्यक है । इसका दुरुपयोग होगा, इसकी संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता । हमारे देश में "मीसा" का दुरुपयोग हुआ, "एन०एस०ए०" का दुरुपयोग हुआ और आज भी दुरुपयोग हो रहा है । गृह मंत्रालय ने, उनका जो बैक ग्राउंड नोट था, उसमें उन्होंने स्वयं माना है कि "टाडा" का भारी दुरुपयोग हुआ और विशेषकर के जहां पर कांग्रेस की सरकार थी, गुजरात में और महाराष्ट्र में, वहां भी इसका दुरुपयोग हुआ । गृह मंत्री जी स्वयं महाराष्ट्र से आते हैं, लेकिन गृह मंत्री होते हुए भी महाराष्ट्र में इस कानून के दुरुपयोग को वह रोक नहीं सके और अपने बैक ग्राउंड नोट में भी उन्होंने माना कि —

It was an unjustified misuse of the Act.

अब जो वर्तमान विधेयक लाया गया है इसके भी दुरुपयोग की आशंका है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता । वर्तमान में बहुत से कानून हैं, जिनकी चर्चा स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट में की गई है । हमारे देश में आज भी "मीसा" या "नेशनल सिक्युरिटी एक्ट" है, "आई०पी०सी." है, "सी०आर०पी०सी०" है, "आर्म्स एक्ट" है या जितने भी कानून हैं, इनके अंतर्गत हम अपराधों को रोक सकते हैं और यदि कोई अपराध करे, उन अपराधियों को हम अदालत के द्वारा सजा दिलवा सकते हैं । मैं समझता हूं कि इन परिस्थितियों में इस नए कानून की कोई आवश्यकता नहीं है और इस देश में जो पहले से कानून हैं, वे बहुत ही व्यापक हैं, उन कानूनों के जरिए हम लोगों को सजा दिलवा सकते हैं ।

यह कानून कुछ मामलों में बहुत ही निरंकुश है क्योंकि जैसे मैंने शुरू में कहा कि "टाडा" एक अस्थाई कानून था, यह एक स्थाई कानून है । दुरुपयोग का जहां तक सवाल है, यहां पर सी०पी०आई० के मैम्बर मौजूद हैं, आपने भी पढ़ा होगा समाचार पत्रों में, एक सत्य घटना घटी पश्चिमी बंगाल में । पंजाब के कुछ नागरिक पश्चिमी बंगाल में गए थे, जहां पर कि सी०पी०आई० (एम) की सरकार है वहां पर पंजाब की पुलिस को ले जाकर के वहां चार-पांच लोगों की हत्या की गई । यह मामला सुप्रीम कोर्ट में गया । सुप्रीम कोर्ट में पहले तो वहां के होम सैक्रेटरी या डिप्टी होम सैक्रेटरी ने इस बात से इंकार किया लेकिन बाद में सुप्रीम कोर्ट को भी अवमानना का नोटिस जारी करना पड़ा और वह मामला आज पंजाब के पुलिस अधिकारियों के खिलाफ चल रहा है अदालत में और सी० पी०आई० (एम) की सरकार ने स्वयं भी इसका विरोध किया । तो इस देश की पुलिस कितनी निरंकुश हो सकती हैं, इसकी कल्पना के बारे में मैं आपसे क्या कहूं मैं समझता हूं कि आप स्वयं भुक्तभोगी होंगी ।

दो-तीन इसमें जो प्रावधान हैं, उनका मैं विशेष रूप से विरोध करता हूं । एक तो इसमें सी०आर०पी०सी० की धारा 167 में परिवर्तन हो रहा है, जो रिमांड का प्रावधान है, उस रिमांड के प्रावधान में आप वृद्धि करना चाहते हैं । मेरा निवेदन यह है कि जो सी०आर०पी०सी० है, उस सी०आर०पी०सी० के अंतर्गत रिमांड का प्रावधान है—15 दिन हो, 30 दिन हो, 60 दिन हो, तो उसके समय को बढ़ाने की आवश्यकता नहीं है । सी०आर०पी०सी० के अंतर्गत है कि जिसको आप पकड़ें, उसके रिमांड की अनुमति आप मजिस्ट्रेट से ले सकते हैं । ...(समय की घंटी)... इसलिए उस रिमांड के प्रावधान का मैं विरोध करता हूं ।

दूसरे इसमें जो प्रापर्टी सीज की जाएगी, जिसके खिलाफ रपट दर्ज हो गई, तो उसकी प्रापर्टी सीज होगी । वह प्रापर्टी सब इंस्पेक्टर आफ पुलिस या डिप्टी एस०पी० सुपरिंटेंडेंट आफ पुलिस के आदेश

से सीज़ करेंगे। मेरा इसमें सुझाव यह है कि इसमें परिवर्तन होना चाहिए और यह अधिकार पुलिस को नहीं देना चाहिए। स्पेशल कोर्ट की व्यवस्था आप कर रहे हैं और इस बारे में स्पेशल कोर्ट को ही पावर आपको देनी चाहिए।

इसमें एक और विरोधाभास है। वे यह कहते हैं कि जो अधिकारी इसका दुरुपयोग करेंगे, उनके खिलाफ इसमें मुकदमा भी चलाया जा सकता है और इसके लिए अंत में प्रावधान है, क्लाज़ 24 में, कि :–

"Protection of action taken in *good faith and punishment for* corruptly or maliciously proceeding against any person under this Act."

धारा 1 और धारा 2 है, उसके मैं विस्तार में नहीं जाना चाहता हूं, समय की कमी की वजह से, लेकिन मैं इस ओर ध्यान जरूर आकृष्ट करना चाहता हूं कि सी०आर०पी०सी० में ही एक प्रोविज़न है 197 में कि इसमें ऐसे सरकारी अधिकारी, चाहे पुलिस अधिकारी हों या पब्लिक सर्वेंट्स हों ... **(व्यवधान)** ...।

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा) :** आपका समय समाप्त हो गया है, कृपया समाप्त करें।

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** बस, एक मिनट में समाप्त कर रहा हूं। क्योंकि समय जितना बढ़ा है उतना समय तो बढ़ेगा न ?

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा) :** आपका चार मिनट का समय था, आपने ले लिया।

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** पहले इसका समय था तीन घंटा, जिसके अनुसार चार मिनट था। अब इसका समय छ: घंटा हो गया है तो छ: घंटे में तो आठ मिनट मिलेगा ही। मैं तो दो मिनट में समाप्त कर रहा हूं।

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा) :** एक मिनट में समाप्त करें।

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** मैं यह निवेदन कर रहा था कि जो पब्लिक सर्वेंट–सरकारी अधिकारी हैं, उनके ऊपर मुकदमा चलाने की सरकार से सैंक्शन लेनी पड़ती है। सैक्शन–197 अपनी जगह आज भी एगजिस्ट करता है। इसमें विरोधाभाष है और उसका कोई भी लाभ आम जनता को नहीं हो सका। अंत में मैं अपनी बात कहकर के समाप्त करूंगा। यह जो स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट है, उसकी कम से कम परश्युएशन वैल्यू तो है ही। हमारे रूल्स में दिया गया है कि स्टैंडिंग कमेटी की जो रिपोर्ट है उसकी परश्युएशन वैल्यू है। स्टैंडिंग कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में जितनी भी बातें कही हैं सिवाय एक बात को छोड़ कर के सब इस बिल के खिलाफ है। आप उसको देख लीजिएगा, मैं उसका उद्धरण नहीं करना चाहता। लेकिन पूरी चर्चा करने के बाद उन्होंने जो रिपोर्ट दी है, केवल एक बात को छोड़ करके, अपनी रिपोर्ट के सातवें पृष्ठ में जितनी भी बातें कही हैं, इस बिल के खिलाफ कहा है। इसलिए कम से कम स्टैंडिंग कमेटी की जो परश्युएशन वैल्यू है, उसको तो इस सरकार को स्वीकार करना चाहिए। एक एमरजेंसी पॉवर्स बिल था–1919 का, जिसके बारे में रालेट कमेटी बनी थी। वह भी केवल तीन साल के लिए था। बड़े-बड़े राष्ट्र भक्त थे, नेता थे, देशभक्त लोगों ने उसका विरोध किया और रोलेट कमेटी बैठी और उसके बाद ही वह भी तीन साल के लिए था जिसका नाम था–एमरजेंसी पॉवर्स बिल। इन शब्दों के साथ मैं इसका विरोध करता हूं। इसके बाद भी आतंकवाद को बढ़ावा मिलेगा, दुरूपयोग होगा। जो निर्दोष लोग हैं वह मारे जायेंगे, निर्दोष लोग झूठे मुकदमें में फंसाए जाएंगे। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह इस विधेयक को वापिस ले।

SHRI M. A. BABY (Kerala): Madam, we are discussing a very important legislation. Shri Satya Prakash Malaviya has also referred to it. The importance attached by the Treasury benches to this piece of legislation is reflective of how they are

dealing with the problems of this country.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI KAMLA SINHA): Mr. Malaviya has already raised this matter.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Madam, we will be hauled up. They will not be hauled up.

SHRI M. A. BABY: The Press Gallery outnumbers the Members of the Treasury benches. There is no Parliamentary Affairs Minister present here. This is a very sad state of affairs. The country is watching us.

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): ईश दत्त यादव जी, आपके पास चार मिनट का समय है।

श्री ईश दत्त यादव: (उत्तर प्रदेश): मैडम, हमारी पार्टी की संख्या उतनी है जितनी मालवीय जी की है। इसलिए दस मिनट हमारा भी है जब दस मिनट इनका हुआ है।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): आपका चार मिनट का समय है, वह आपको बता दिया।

श्री ईश दत्त यादव: मैडम, दण्ड विधि संशोधन विधेयक, 1995 का मैं विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं। विरोध इसलिए कर रहा हूं कि इसके पहले भी जो टाडा कानून था और जो नया कानून बनाने जा रहे हैं, इनसे कोई लाभ नहीं होने वाला है। ज्यों-ज्यों दवा की मर्ज बढ़ता ही गया। टाडा का कानून 23 मई, 85 में लागू किया गया था और आज उस कानून की वर्षगांठ है और अंतिम विदाई भी है। लेकिन उसका कोई हल नहीं निकला है।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: आज उसका निधन भी हुआ है।

श्री ईश दत्त यादव: इसका कोई समाधान नहीं निकला है। माननीय संसद सदस्यों ने, सरकार के लोगों ने, मंत्रियों ने, मानव अधिकार आयोग ने, अल्पसंख्यक आयोग ने और देश के तमाम लोगों ने इसका विरोध किया। इस कानून का इस आधार पर विरोध किया कि इस कानून का सदुपयोग नहीं हो रहा है और इससे जो काम होने को था वह नहीं हो रहा है, बल्कि दुरुपयोग हो रहा है और विशेषकर के इस कानून का दुरुपयोग राजनीतिक दृष्टि से और अकलियत के लोगों के खिलाफ किया जा रहा है। माननीय गृह मंत्री चव्हाण साहब ने स्वीकार किया है कि इस कानून का दुरुपयोग हुआ। मैडम् मैं नहीं समझता कि अब इस नए कानून के बन जाने से कोई लाभ होने वाला है। मैडम, जो विधेयक है वह तो पुराने कानून की बिल्कुल नकल है। इसमें पुराने कानून के मुताबिक साधारण सा संशोधन किया गया है। इसमें कह दिया गया है-जैसे कंफेशन का प्रोविजन था कि पुलिस आफिसर के सामने जो कंफेशन होता था वह मान्य हो जाता था, साक्ष्य में मान लिया जाता था। अब नए कानून में कहते हैं कि पुलिस आफिसर के सामने अगर कोई अन्य व्यक्ति भी मौजूद है तो वह कंफेशन मान लिया जाएगा। पहले सीधे-सीधे सुप्रीम कोर्ट में अपील के लिए जाना था, अब कह दिया कि हाईकोर्ट में भी जा सकते हैं। इनवेस्टिगेशन डी० एस० पी० स्तर तक का आदमी करेगा, इससे नीचे स्तर का आदमी नहीं करेगा। मैडम्, मैं नहीं समझता कि ये जो साधारण से संशोधन किए जा रहे हैं पुराने कानून में, इससे कोई लाभ होने वाला है। यह तो सरकार की इच्छाशक्ति पर निर्भर है और श्री मालवीय जी सही कह रहे थे, मैं इनकी बात से सहमत हूं कि इस देश के अंदर बहुत से कानून बने हुए हैं जिनमें सख्त से सख्त व्यवस्था है और अगर सरकार और सरकार की एजेंसी जिन लोगों को इस कानून को कार्यान्वित करना है, अगर इसका कड़ाई से पालन करे तो अपराध रूक सकते हैं।

मैडम, देश के अंदर उग्रवाद बढ़ रहा है यह निश्चित रूप से चिंता का विषय है, गंभीर विषय है और देश के अंदर यह भयंकर समस्या खड़ी है। उग्रवाद का मुकाबला होना चाहिए, उग्रवाद समाप्त

होना चाहिए और देश के अंदर भाई चारे की स्थिति पैदा होनी चाहिए । इसका निदान होना चाहिए, इसका कारण ढूंढना चाहिए सरकार को कि इसके पीछे क्या कारण हैं। इसके पीछे आर्थिक कारण भी हो सकते हैं, सामाजिक कारण भी हो सकते हैं, धार्मिक कारण भी हो सकते हैं और जनता की अगर कोई जायज मांग है, किसी की सही मांग है और सरकार जान बूझ कर उससे इंकार करती है तो वह भी कारण हो सकता है। इन सब कारणों का पता लगाना चाहिए कि देश के अंदर उग्रवाद बढ़ क्यों रहा है और इस उग्रवाद को समाप्त करने के लिए सरकार के पास तर्क क्या हो सकता है । केवल बुलेट की नोक से या गोलियां चला कर या लोगों को जेल में डाल करके बेगुनाह लोगों को उग्रवाद को समाप्त नहीं किया जा सकता। सरकार ने, मैं समझता हूं कि इस पर कभी भी गंभीरता से विचार नहीं किया और सरकार के सामने तो अनेकों समस्यायें हैं। कभी अल्पमत की सरकार हो जाती है, बहुमत हो गया तो अब असली कांग्रेस और नकली कांग्रेस की लड़ाई शुरू हो गई। इनके सामने उग्रवाद की समस्या को हल करने के लिए और देश की समस्याओं को हल करने के लिए कोई समय नहीं है। इसलिए मैं अनुरोध कर रहा था आपके माध्यम से कि सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि उग्रवाद बढ़ कैसे रहा है, पैदा कैसे हो रहा है, पनप कैसे रहा है और इस उग्रवाद को समाप्त करने के लिए तरीका क्या होगा। कानून आपके पास है, इन कानूनों का आप कड़ाई से पालन करें और यह जो बिल लाया गया है, यह मुझे बड़ा हास्यास्पद लग रहा है। अब इस देश में दो कानून चलेंगे आज बारह बजे तक जिनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा टाडा कानून के अंतर्गत, उनके लिए अलग मुकदमा चलेगा, उनके लिए अलग प्रोसीजर होगा और जो आज बारह बजे रात के बाद पकड़े जाएंगे या इस कानून के लागू हो जाने के बाद पकड़े जाएंगे गिरफ्तार किए जाएंगे, उनके लिए अलग कानून होगा। यह क्या हास्यास्पद स्थिति है ? इस देश के अंदर एक ही जुर्म के लिए दो प्रकार के कानून रहेंगे। इसलिए मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं सरकार से कि इस पर गंभीरता से विचार करे। जो हमारी स्टैंडिंग कमेटी थी गृह विभाग की मैं उसकी रिपोर्ट पढ़ रहा था, इसमें गृह सचिव ने कह दिया कि यह कानून रिट्रोस्पेक्टिव नहीं हो सकता। कानून हम लोग भी जानते हैं मैडम, और यह सदन विद्वानों का सदन है, ऐल्डर्स का सदन है। यहां सब लोग कानून के वेत्ता हैं और केवल गृह सचिव कह दें कि रिट्रोस्पेक्टिव इफेक्ट नहीं होता है तो इसको यह सदन मानने के लिए तैयार नहीं है।

मैडम, अब केवल एक धारा की ओर इशारा करके मैं अपनी बात समाप्त करूंगा। इस विधेयक की धारा पांच है और धारा पांच में यह कहा गया है कि अगर किसी आदमी के पास, मैं दो लाइन पढ़ ही देता हूं—"यदि कोई व्यक्ति किसी आतंकवादी या विध्वंसकारी की सहायता करने के आशय से आयुध अधिनियम 1959, विस्फोटक अधिनियम 1884, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 या ज्वलनशील पदार्थ अधिनियम 1952 के किसी उपबंध या इसके अधीन बनाए गए किसी नियम का उल्लंघन करेगा तो वह पूर्वोक्त अधिनियमों या उनके अधीन बनाए गए नियमों के होते हुए भी कारावास की सजा पाएगा" और पहले कानून था कि अगर कोई क्षेत्र उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र घोषित कर दिया गया है, अगर उसके अंदर इस प्रकार का विस्फोटक पदार्थ या हथियार उसके पास मिलता था तो उसके खिलाफ कार्यवाही होती थी, टाडा में बंद होता था। उनको डेढ़ साल दो साल हो गए लेकिन वे लोग आज भी बंद पड़े हैं। इसलिए मैं कह रहा था कि इसके पूर्व या आज के पूर्व जो लोग बंद किए गए हैं उनके लिए टाडा कानून और जो इस बिल, इस विधेयक के पास हो जाने के बाद, जब यह कानून हो जाएगा उसके बाद बंद किए जाएंगे उनके लिए दूसरा कानून होगा। इसलिए सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा और इसको रेट्रोस्पेक्टिव कर देना चाहिए। इसको रेट्रोस्पेक्टिव कर देने में गृह मंत्री को कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए।

अंत में मेरी सरकार से मांग है कि आप इस कानून को वापस ले लीजिए और वापस लेकर इन बातों पर गंभीरता से विचार करिए। यह विधेयक अनावश्यक है। यदि आप इसको आवश्यक समझते हैं कि आप मुख्य मंत्रियों की एक बैठक बुलाइए—स्टैंडिंग कमेटी ने भी सुझाव दिया है कि आप देश के तमाम मनोवैज्ञानिकों की एक बैठक बुलायें, देश के राजभक्त लोगों की एक बैठक बुलाइए, जो इस बारे में सरकार को सुझाव दे सके कि इससे कैसे निपटा जा सकता है। वरना मेरा विश्वास है कि इस तरह के कानून से आप उग्रवाद की समस्या से नहीं निपट सकते। यह विधेयक जो आपने पेश किया है यह आपने दबाव में आकर पेश किया क्योंकि आपके दो मंत्रियों ने धमकी दी थी, आपके ट्रेजरी बेंच के संसद सदस्यों ने धमकी दी थी और देश के तमाम लोगों ने इसका विरोध किया था। यह एक काला कानून है, गलत कानून है, इसको आप वापस लीजिए। आपको देश के लोगों की भावना का, अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों का, अपनी पार्टी के संसद सदस्यों का और हम सब लोगों की भावनाओं का आदर करना चाहिए। इस कानून से उग्रवाद की समस्या का हल नहीं किया जा सकता है। यह कानून अगर पास हो जाएगा तो निश्चित रूप से जिस तरह से टाडा का दुरुपयोग किया गया है उसी तरह से इस कानून का भी दुरुपयोग होगा। बहुत बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI KAMLA SINHA): The House is adjourned for lunch till 2.30 P.M.

The House then adjourned for lunch at thirty-two minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at thirty-three minutes past two of the clock.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): In the Chair.

SHRI P. UPENDRA (Andhra Pradesh): Madam, Vice-Chairman while sharing some reservations expressed by the Members on both the sides, I welcome the Bill because it does away with the TADA which has gained notoriety among the people because it was widely misused. Innocent people suffered due to the application of this Act and there were apprehensions among certain sections of the population that it was being used against them particularly. From that angle I welcome the Bill.

Some friends on my right side have used expressions that the Government is indulging in deception and fraud. I do not susbscribe to that view because, if the Prime Minister or the Government was serious about continuation of or extending the Act, there was no hurdle because a majority of the Chief Ministers belonging to various parties had supported the continuation of the Act. If the Government wanted to continue the Act, with the major Opposition parties in the Parliament willing to support on this account, the Government could have done it straightaway by extending the Act. But, because of the public opinion in the country and because of the allegations of widespread misuse of this Act by various State Governments, the Government has rightly decided to allow the Act to lapse and bring forward a new legislation. There was also a plea that there was no need for TADA and some of its provisions are already in the existing laws or some more can be added to the existing law and there was no need for this draconian law. That was a demand by many opposition parties as well as by some of the organisations. Madam, the very same thing is sought to be done by the Government through this Bill. I, therefore, welcome this Bill on that account also. It does away with the most obnoxious features of the TADA which were widely criticised.

I am happy that the parties here, while expressing their reservations on certain provisions of the Bill,

[Shri P. Upendra]

emphasised the need to tackle terrorism on a war footing. They were even willing to agree to certain special provisions to tackle this problem. Their apprehensions centered round the possible misuse of this new legislation also. So, some amendments have been proposed and one or two parties have specially emphasised the need to redefine terrorism and if that is the only obstacle in getting the consensus of the parties, I would urge upon the Government to consider these amendments because they are only confined to the definition of terrorism.

The second point which I would like to emphasise is that the people who are under-trials now under the TADA, though it lapses today, none of them will be benefited by this new law. After all, the demand for repeal of the TADA came because of the widespread misuse of that Act by the State Governments. If the same injustice is perpetuated and the people who are held under the TADA and are being tried under the TADA, continue to be tried in the same courts under different names, the message which we want to give to the country, which the Government wants to give to the country, that the draconian law has been repealed, will not go. Therefore, I feel that all the cases will have to be screened and only such cases supported by proper evidence, should be referred to the new courts. In fact, I do ont know whether the Law Minister will be able to tell that the existing courts could be allowed to go. New special courts should be appointed and cases should be referred to them selectively, based on the evidence which is available there, depending upon the progress of the case before the earlier TADA court. If they are already in the final stage, backed by proper evidence they could be continued or if they are in the preliminar stage and charge-sheets have not been filed properly, then those cases should be dropped. Unless this is done this Act will not receive the support which we anticipate. I also felt that the State Governments were being blamed by all for the misuse of the emergency provisions, because the provisions which were meant particularly to deal with a specific situation were used against political opponents and innocent people particularly, some persons belonging to a particular community. It would have been better if these Special Courts were set up by the Centre and not by the State Governments. And I believe it is possble under the law. After all, terrorism is not confined to a particular State, it is a national problem. More than one State is involved in this. In that case, the Centre could have appointed the Special Court and the judges could have been selected with the approval of the Chief Justice of the Supreme Court or the concerned High Court. And that would have created greater confidence among the people and prevented the misuse of the Act by the State Governments. I would also like to draw the attention of the Home Minister as well as the Law Minister to clause 13(1) which says, "A Special Court may take cognizance of any offence without the accused being committed to it for trial upon receiving complaints of facts which constitute...." That means the Special Court can take cognizance of an offence even if the man is not committed to it by the magistrate. This was also misused. I am personally aware of a case in Delhi where a TADA judge *suo motu* ordered the arrest of a particular person and he goes on passing judgments and comments on the jail authorities, on the hospital authorities on the Government everybody. Everyday we hear so many comments of the judge and when the man is shifted to the hospital, he called for the medical record for several yeras and started questioning the doctors on medical aspects which he is not supposed to do. Therefore, the

power to examine the cases *suo motu* should not have been given to the Special Courts again because this is likely to be misused.

Madam, these are the two or three points which I wanted to make.

While concluding, I would like to say that I have come across a small piece of editorial written by yesterday's "Pioneer" which I quote. "While genuine criticism, born of concern for the country's democratic traditions, should be taken into account, carping critics who are willing to find fault with laws to sustain their politics of opportunism should be ignored. The Government must prove that the sanctity of the law cannot be violated—either by its keepers or the people." Thank you, Madam.

**SHRI K. RAHMAN KHAN** (Karnataka): Madam Vice-Chairman, at last the obnoxious draconian and inhuman piece of legislation which was the subject matter of a debate, not only in India but the world over, has been taken out from the Statute Book. I congratulate the Government for the bold act in spite of the pressure mounted on the Government for retention of TADA. Madam Vice-Chairman, the new Bill which is being introduced today, the Criminal Law Amendment Bill, has certain far-reaching changes and the Government has tried to remove the apprehensions and also the possible misuse in the new Bill. But I am afraid, the new Bill has not come up to the expectations. It is not evident from the Bill whether the misuse could be minimised. When one reads the provsions of the Bill, it is evident that the misuse may continue. There is very little safeguard to curb the misuse of the TADA provisions which were misuse by the police earlier. Therefore, something has to be done to see that there would be no more misuse of such draconian laws. Law is necessary. Terrorism has to curbed. Nobody wants terrorism. No person in the country would say that terrorism should not be curbed. To curb terrorism, law is necessary. But that does not mean that overriding powers shuld be given to the authorities who are asked to curb terrorism.

Madam, Vice-Chairman, the police should use their skills to detect terrorism not by the force of law. Law is there. The criminal law has to be used and the police should detect terrorism by their skills, not by taking recourse to draconian laws. That way, anybody can do it. What is the fun of giving so much powers to the police? The police would become lethargic and they would misuse the law.

It is being said that the Muslims are opposing the law and that is why the Government is bending. This is a very uncharitable remark to make against a section of the society. The Muslims have not opposed this law just because they are arrested. From 1992, because of the way the law had been misused, because of the way certain sections of the law-enforcing authorities had misused the law, it had brought out protests.

If a section of the society feels that the law had been directed towards them, if that section of the society protests against it, what is wrong in it? Should that section of the society not have the right to protest against it? If not, what should they do? Where should they protest? If a certain draconian law is introduced, the citizens have the right to protest against the misuse of the law. This is what they have done. How can anybody think that this is election politics, or, only to appease a certain section of the society, the Government had bent before them? No.

Earlier, the Government had taken into account the opinion of various sections of the Society and set up the National Human Rights Commission. Does it mean that they have bowed to the pressure of Muslims? No.

[Shri K. Rahman Khan]

If the Government takes into account the opinion of certain intellectuals who are raising their voice against it, does it mean that they have bent to the pressure of Muslims? No. This is a very uncharitable remark. This is minimising the importance of the whole thing.

As far as TADA is concerned, it is not that because the Muslims have protested, the Government has looked into it. They have admitted the weaknesses. The Government itself has readily admitted. The Government itself has readily admitted that the law has been misused.

In place of TADA, a new law is proposed to be enacted. Why should we be in a hurry to enact this law? Heavens are not going to fall. Of course, today; the law is going to lapse. TADA is going to lapse today. But let there be a careful consideration of every provision of this new law because we are going to apply this law on the citizens. We are the elected represetatives of the people here, in Parliament. We are to legislate various laws for the people who have elected and sent us here. We are not here to send them to jail. We are here to fulfil the aspirations of the people, If we have to fulfil the aspirations of the people, this piece of legislation for which we are legislating for them should be a carefully thought out legislation. As elected representatives of the people, we should be conscious of this fact.

Madam, we should not be in a hurry to pass this legislation because, I am afraid; there are certain provisions of the new law which would again be misused. Take for example clause 4(1). Clause 4(1) is again, in my opinion; a draconian provision. The definition is so ambiguous that if somebody advocates, he can also be arrested: under this law. I don't know how this law has been drafted. Who has drafted this law? We have to put our seal of approval for what has been phrased by somebody. Nobody is against the law. We are not against the law. This House is not against the law. This Parliament is not against the law. But, why should we accept whatever has been written? So, there is need that clause 4 has to be carefully drafted. The definitions of "terrorism" and "disruptive activities" have to be properly given. We should make the law-enforcing authorities accountable. There is no provision to make them accountable. Our laws will be all right, if we make them accountable: but we do not make anybody accountable, particularly for actions under the criminal laws. If you do not have their accountability, such laws are not proper laws.

Now, we have introduced clause 24(2), under which the police personnel will be punished if they misused the law, but clause 24(1) gives them a blanket power. It says that if one does it in good faith, he will not be questioned. So, for everything he will say that he has done it in good faith... (Time bell)

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Please be brief.

SHRI K. RAHMAN KHAN: How are you going to take action under clause 24(2) because they will always say that they have done it in good faith?

You are amending section 167 of the Code of Criminal Procedure. An accused person goes to judicial custody from police custody, and again he can be taken back under police custody. Can you not bring such laws which are accepted by people. Terrorism can be controlled. Terrorism and disruptive activities can be controlled by normal laws. The more stringent you make laws the more will they be misused by the people who implement them. The people, particularly the minorities, have lost confidence in the police. How are you going to bring back

the people's confidence in the police? This law will not bring back their confidence in the police because the police have misused the TADA for their own interests. Laws should be such that they inspire the confidence of the people in the police. If you just say that Muslims have lost the confidence, is it not the duty of Parliament to see why they have lost the confidence, whichever Government is there? That is why we are pleading with our Government that it should restore the confidence of the minorities in the police. They have lost the confidence of the police because the police behaved like that.

कुछ लोगों को टाडा से, टाडा के कानून से इश्क हो गया है । जब इश्क जाता है तो जुनून पैदा हो जाता है और जब जुनून इंसान को हो जाता है तो उसकी अक्ल बेकार हो जाती है । आज टाडा कानून के जो मुहाफिज हैं, जो चाहते हैं कि टाडा कानून इस मुल्क में रहे, उनका इश्क दीवानगी की हद तक चला गया है और वह टाडा को बचाना चाहते हैं, चाहे किसी के ऊपर जुल्म ही क्यों न हो । यह क्या बात है ? मैं यह बात दर्द से कह रहा हूं, यहां पर जुल्म जिस पर हुआ है, उसी को दर्द का एहसास हो रहा है । यह कह देना आसान है कि मुसलमानों को अपीज किया जाए, मगर अगर यह जुल्म आपके ऊपर होता तो आप किस तरह से उठ खड़े होते, किसी को आप बर्दाश्त नहीं कर सकते थे । जो इंसान तकलीफ बर्दाश्त करता है, उसी को दर्द का एहसास होता है, जो इंसान बातों से काम करता है, उसको दर्द का एहसास नहीं होता । तो अगर आपने आज जिसके ऊपर जुल्म हुआ है, उसकी बात नहीं सुनी तो आपको उसकी बद्दुआ लगेगी । क्या इस देश में हजारों की तादाद में टेरेरिस्ट रहते हैं ? क्या पार्लियामेंट को यह सोचना पड़ेगा कि हजारों की तादाद में टेरेरिस्ट हिन्दुस्तान में हैं ? टेरेरिस्ट को आइडेंटिफाई कीजिए और उनके ऊपर सख्त से सख्त कानून लाइए, मैं कहूंगा कि टेरेरिस्ट के ऊपर कैपिटल पनिशमेन्ट कानून को भी लाइए । मैं कहूंगा कि टेरेरिस्ट का आइडेंटिफाई कीजिए लेकिन बगैर आइडेंटीफाई किए इस मुल्क के लोगों को आप पनिश मत कीजिए । तो मैं इस सरकार से अपील करूंगा, होम मिनिस्टर से अपील करूंगा कि आप कानून लाइए इस देश से टैरेरिज्म को खत्म करने के लिए, इस मुल्क को हमें बचाना है, इस मुल्क के वास्ते हमें कुर्बानी देनी है, हरेक शख्स इस मुल्क के लिए कुर्बानी देने के लिए तैयार है, लेकिन अफसरशाही के बने हुए कानून को हम पचा नहीं सकते हैं । हमारे ज्यादातर कानून बनते हैं अफसरशाही के वास्ते, हम लोगों के वास्ते कानून नहीं बनता है और हम मुसीबत में आ जाते हैं । आज हम मुसीबत में हैं, इसलिए कि हम अफसरों की बात मान रहे हैं, लोगों की बात नहीं मान रहे हैं । अगर हम लोगों की ऐस्पिरेशंस को मानते, लोगों की ऐस्पिरेशंस के अनुसार काम करते तो आज हमें तकलीफ नहीं होती । अफसरों का क्या है, तुम आते हो जाते हो, पोलिटिकल डिसीजन को लेने का कोई हक नहीं है, हमको पोलिटिकल डिसीजन लेना होगा । मैं अपील करूंगा कि हमको पोलिटिकल डिसीजन लेना है, लोगों की ऐस्पिरेशंस को सामने रखकर डिसीजन लेना है, किसी के दबाव में आकर हमें डिसीजन नहीं लेना । मैं दोबारा अपील करूंगा कि तरमीमात् के साथ आप इस कानून को बना दीजिए । मैं हुकूमत को दाद देता हूं कि उन्होंने लोगों की ऐस्पिरेशंस को समझा, टाडा को समाप्त किया, टाडा को निकाला और नया बिल जो आप लाए हैं, उसमें और ज्यादा तरमीमात् की जरूरत है । एक अमेंटमेंट भी मैंने मूव किया है, उस अमेंडमेंट के साथ अगर इस बिल को पास करें तो बहुत अच्छा होगा । शुक्रिया ।

SHRI G. SWAMINATHAN (Tamil Nadu): Madam, we would like to know the time of the voting so that we can arrange Members to be present here.

THE VICE-CHAIRMAN: (MISS SAROJ KHAPARDE): 3.30 p.m. was the time, but I don't think we

will be able to finish the speeches even by 4 p.m.

SHRI S. JAIPAL REDDY (Andhra Pradesh): Then you fix up 4.30. (*Interruptions*) The Member is asking for fixing up the voting time so that everybody is present in the House.

THE VICE-CHAIRMAN: (MISS SAROJ KHAPARDE): We will see, how we go. If we finish before 4.30 or 4 o' clock, then there is no problem.

3.00 p.m.

**श्री संघ प्रिय गौतम** (उत्तर प्रदेश) : महोदया, जब कोई सरकार विधेयक लाती है तो उसको औचित्यपूर्ण ठहराने के लिए तरह-तरह के तर्क प्रस्तुत किए जाते हैं और कोई न कोई तर्क उनमें ऐसा निकल आता है जो इनके प्रस्ताव या विधेयक को औचित्यपूर्ण ठहराने में इनका सहयोग करता है । लेकिन मुझे बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि टाडा को समाप्त करने और दण्ड विधि संशोधन विधेयक को लाने के बारे में सरकार ने जो तर्क प्रस्तुत किए हैं, वह सब निराधार हैं और मैं इनको तर्क नहीं कह कर के कुतर्क कहता हूं । महोदया, सबसे पहले मैं अपनी बात यहां से प्रारम्भ करता हूं कि आतंकवादी और विध्वंशक क्रियाकलापों से संबंधित जो टाडा का विधेयक था, क्या आज उसकी आवश्यकता नहीं रही । ...(व्यवधान)...

मैं निवेदन कर रहा था कि टाडा को दो प्रकार से समाप्त किया जा सकता है । मैं सदन का ध्यान चाहूंगा । नम्बर-1, क्या जिन कारणों से टाडा को लाया गया था वह कारण समाप्त हो गए ? कारण थे— आतंकवादी और विध्वंशक क्रियाकलापों का पैदा होना और उनका निरन्तर बढ़ते रहना । महोदया, गृह मंत्री जी ने यह स्वीकार किया है कि वे कार्यकलाप आज विद्यमान भी हैं और बढ़ भी रहे हैं । मैं उतना ही रिलिवेंट पोर्शन पढ़ूंगा :—

"Statement of Objects and Reasons: In the background of escalating terrorist and disruptive activities in several parts of the country, the Terrorist and Disruptive Activities (Prevention) Act, 1985 was first enacted on 23rd May, 1985. It was to remain in force for a period of two years. However, in the context of the continued terrorist violence in the country, the Terrorist and Disruptive Activities (Prevention) Act, 1987 was enacted.

The question of extension or repeal of the Terrorist and Disruptive Activities (Prevention) Act, 1987 will have to be viewed in the light of the overall security environment of the country. The aid and assistance from across the border received by various terrorist groups in India has to be taken note of. Terrorism, which was initially confined to the State of Punjab, Jammu and Kashmir and North East, has spread to several other parts of the country. The acquisition by terrorist groups of highly sophsticated weaponry, remote control devices, rocket launchers and professional training have added a new dimension to the problem."

This was the admission of the Government.

जब आज भी यह सारी गतिविधियां विद्यमान हैं तो टाडा को समाप्त नहीं किया जा सकता । दूसरे, यही नहीं सर्वोच्च न्यायालय ने टाडा को संवैधानिक ठहराया है । इसी में उसका उल्लेख है :

"The constitutional validity of the said Act was upheld by the Supreme Court in Kartar Singh vs. State of Punjab."

**उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे)** : आप पढ़ने में न जाएइ ।

**श्री संघ प्रिय गौतम** : अच्छा ठीक है । मैडम्, सुप्रीम कोर्ट ने भी सही ठहराया—एक तो यह कारण । दूसरा

यह कारण, कि क्या यह विधेयक आतंकवादी विधेयक गतिविधियों को समाप्त करने के लिए और उनमें लिप्त लोगों को सजा दिलाने में नाकामयाब रहा है ? अगर यह दो बातें हैं तो समाप्त कर दीजिए, मैं और मेरी पार्टी आपका समर्थन करेंगे । लेकिन जब यह दोनों चीजें विद्यमान हैं तो आप टाडा समाप्त नही कर सकते । अवैधानिक कारणों से आप कर रहे है बदनीयती से कर रहे हैं । अब सवाल आया कि इसके कुछ प्रावधानों का दुरुपयोग हो रहा है । क्षमा करेंगे मेरे सांसद भाई, श्री चतुरानन मिश्र जी यहां मौजूद नहीं हैं, उन्होंने कहा था कि हमारे सांसदों, भाईयों को, हमको बहुत सी सहूलियतें और सुविधाएं मिली हैं--गैस कनेक्शन के कूपन, टेलीफोन के कनेक्शन, रेलवे के पास, एयर के पास इसके अलावा और बहुत सी सुविधाएं हैं। क्या हम इनका दुरुपयोग नही कर रहे हैं, यह चार्जेज लगाए गए हैं । अगर हम इनका दुरुपयोग कर रहे हैं तो यह हमारी सारी सुविधाएं समाप्त क्यों नहीं होनी चाहिए ? आज हम सरवेंट क्वार्टर किराए पर उठा रहे हैं, हम अपने मकानों के कमरे किराए पर उठा रहे हैं । हम अपने साथ जो कम्पेनियन है, वह दूसरे आदमी को ले जाते हैं ।

THE VICE-CHAIRMAN MISS SAROJ KHAPARDE): Gautamji, please come to the point.

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: I am coming to the point.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): This is not the way. Please stick to the subject.

**श्री संघ प्रिय गौतम :** कारण बताया गया कि इसका दुरुपयोग हो रहा है । तो दुरुपयोग के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कुछ हिदायतें दीं और सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक तो इसकी जांच किसी डिप्टी सुपरिन्टेंडेंट ऑफ पुलिस के द्वारा होनी चाहिए। इसका उल्लेख जो स्टैंडिंग कमेटी है, उसकी रिपोर्ट में है । उन्होंने कहा और आपको डायरेक्शन दी तो आप इस प्रावधान को संशोधित कर सकते थे । इसके अलावा आपको और भी हिदायतें दीं सुप्रीम कोर्ट ने तो आपने उनको क्यों नहीं सुधारा ? महोदया, मेरा एक तो कहना यह है कि टाडा को समाप्त करना और इस विधेयक को लाना, यह औचित्यपूर्ण नहीं है । फिर इसकी विडम्बना देखिए, इसमें चार बातें ऐसी है, उनकी ओर मैं ध्यान दिलाना चाहूंगा । धारा 3 के अंदर जहां गतिविधियां गिनाई गई हैं, उनमें यह नहीं जोड़ा गया कि अगर कोई किसी विशेष संभ्रांत नागरिक या उसके परिवारजनों का अपहरण करके ले जाता है और अपने कब्जे में रखता है और दूसरे आतंकवादियों को छुड़वाता है, उस पर भी लागू होना चाहिए । मुफ्ती मोहम्मद सईद साहब गृह मंत्री थे, उनकी बेटी को आतंकवादी ले गए और केवल इसलिए ले गए कि आतंकवादियों को छुड़वाना था । क्या इसमें नहीं जोड़ा जाना चाहिए ? इसके अलावा महोदया, एक धारा इसमें है 17 और उसमें कहा गया है कि हाई कोर्ट में अपील होनी चाहिए और औचित्य क्या दिया गया, जो आपकी स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट है कि सुप्रीम कोर्ट में जाने में गरीबों को मंहगा पड़ेगा न्याय । महोदया, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद हाई कोर्ट गाजियाबाद से पांच सौ किलोमीटर दूर है और उत्तर काशी से आठ सौ किलोमीटर दूर है और हमारा दिल्ली सुप्रीम कोर्ट हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, यू०पी० से करीब चार सौ, पांच सौ किलोमीटर से मिला हुआ है । सुप्रीम कोर्ट नजदीक है, हाई कोर्ट दूर है। तो मैं आपसे प्रार्थना कर रहा था कि यह भी औचित्यपूर्ण तर्क नही है । कहा गया धारा 24 में कि अगर कोई पुलिस वाला बदनियती से किसी को बंद करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए । मुझे हंसी आई, थोड़ा सा मैं कानून जानता हूं । कानून मंत्री बैठे है, यहां पर यह अनावश्यक है ।

आखिरी बात है मेरी । तीन बातें इसमें कही गई हैं । एक तो यह कहा गया है कि टाडा ऐसे केस में जो आतंकवादी

गतिविधियां पैदा करेगा या कोई विध्वंसकारी कार्यकलाप करेगा, उसके खिलाफ रिपोर्ट तब तक दर्ज नहीं होगी जब तक जिला पुलिस अधीक्षक स्वीकृति नहीं देगा। तो फिर कहां आ गया वह फंसाना पुलिस के द्वारा ? जब रिपोर्ट ही नहीं लिखी जायेगी पुलिस अधीक्षक की स्वीकृति के बिना, फिर दूसरा कि इसकी जांच, इनवेस्टिगेशन या तो ए०सी०पी० रैंक का व्यक्ति करेगा जहां पर लागू यह प्रथा है या डिप्टी सुपरिंटेंडेंट आफ पुलिस करेगा और तीसरा, आरोपपत्र, जिसे चार्ज-शीट कहते हैं, मैडम यह लास्ट है . . (**व्यवधान**) . .

**उप सभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे)**: बार-बार लास्ट बोलते जाते हैं, फिर दूसरा, तीसरा, चौथा कहते जाते हैं।

**श्री संघ प्रिय गौतम** : मैडम मैं हाथ जोड़ प्रार्थना करता हूं, बीस मिनट आपने उस सदस्य को अभी दिये हैं तो मुझे दस मिनट तो दीजिये।

**उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे)** : आपकी पार्टी ने आलरेडी सात मिनट अधिक ले लिये हैं और मैंने आपको आठ मिनट दिये हैं। . . (**व्यवधान**) . . . बहस मत करिये।

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: I am concluding, Madam. तो, तीसरा, आरोप-पत्र तब तक प्रेषित अदालत में नहीं होगा जब तक डायरेक्टर जनरल आफ पुलिस स्वीकृति नहीं देगा। तो जब तीन जगह पर आ गया कि बगैर पुलिस अधीक्षक की स्वीकृति के रिपोर्ट नहीं होगी और डिप्टी सुपरिंटेंडेंट आफ पुलिस से कम का आदमी इनवेस्टिगेशन नहीं करेगा और बगैर डी०जी०पी० की स्वीकृति के चार्ज शीट नहीं जायेगी तो पुलिस वाला कहां से मैलेशियस और मैलाफाईड इंटेंशन का हो जायेगा ? यह बहुत ही गलत निराधार, सुपरफलूस, अनावश्यक है और मेंटल बैंकरप्सी का सबूत है यह जिसने ड्राफ्ट किया है यह बिल। और जो लास्ट सेंटेंस है . . . (**व्यवधान**) . . . अगर आप पुलिस की यह पावर ले लेंगे, माफ करना, अगर पुलिस के खिलाफ कार्रवाई करेंगे तो एक भी टेररिस्ट को कोई पुलिस वाला गिरफ्तार नहीं करेगा और टैररिस्ट सड़कों पर, गलियों में, चौराहों पर घूमेंगे। इसलिये मैंने इस संबंध में अपने 4 संशोधन पेश किये हैं। उसमें एक तो यह है कि हाई कोर्ट जहां जहां भी है वहां पर सुप्रीम कोर्ट कर दिया जाये। (**समय की घंटी**) तो मैडम मैं इन शब्दों के साथ कहना चाहता हूं कि या तो टाडा को इन संशोधनों के साथ बरकरार रखा जाय और यदि इस विधेयक को लाना ही है तो इसकी धारा 317 में और 24 में (**समय की घंटी**) संशोधन कर दिया जाये। धन्यवाद, मैं समाप्त करता हूं।

**श्री मोहम्मद मसूद खान** (उत्तर प्रदेश): मोहतरमा शुक्रिया। मोहतरमा, कई हफ्तों से यह बात सुनी जा रही है कि टाडा खत्म होगा, टाडा खत्म होगा। मगर जब वह वक्त आया, टाडा को रिपील करने का तो उस पर मुझे एक शेर याद आता है कि :

> की मेरे कत्ल के बाद जफा से तोबा,
> हाय उस जूद-ए-पशेमां का पशेमां होना।

मोहतरमा कल जब होम मिनिस्टर साहब एक्सप्लेनेशन दे रहे थे तो राम जेठमलानी साहब ने सवाल पूछा था कि जो लोग टाडा में बन्द हैं उन पर किस एक्ट के तहत मुकदमा चलेगा तो होम मिनिस्टर साहब ने कहा कि टाडा के तहत। फिर रिट्रोस्पेक्टिव और प्रास्पेक्टिव की भी बात हुई। मैं इतनी टेकनकलीटीज में नहीं जाना चाहता। मैं गांव का रहने वाला हूं। गांव में जब सांप निकलता है तो लोग इकट्ठा होते हैं और उसका सर कुचल देते है, बाडी कुचल देते हैं और जब पूंछ जरा जरा हिलती है तो गांव के बूढ़े कहते हैं कि इसको भी कुचल दो, नहीं तो यह फिर से

जिंदा हो जायेगा । मैं आपसे गुजारिश करुंगा कि इस टाडा की पूंछ को भी कुचल दो । इस एक्ट को बिल्कुल बदल दो, इस वास्ते कि टाडा जैसे कि मैंने कहा इससे बिल्कुल हट कर दिया जाये, इसको टाटा कर दो और टाडा को बिल्कुल खत्म कर दें ।

मोहतरमा, दो कानून हमारे सामने आये हैं । एक तो मीसा का कानून है जिसमें इस सदन के बहुत से लोग जेल में गये हैं । उसके बाद टाडा कानून आया । मैं एक मिसाल यहां पर देना चाहता हूं । मेरे बहुत से साथी, जिसमें जनसंघ के लोग भी थे और हम लोग भी थे, मैं भी उनमें था, हम लोग बरेली जेल में बन्द थे । एक 90 साल का आदमी जिसका हर्निया का आपरेशन हुआ था, जो कि पेशाब भी बैठकर नहीं कर सकता था, बर्तन उसके सामने रखा जाता था । लेकिन फाइल में उसके खिलाफ केस बनाया कि वह बिजली के पोल पर चढकर तार काट रहा था, इस वास्ते इसके ऊपर मीसा लगाया । दूसरी मिसाल में टाडा की देना चाहता हूं । गुजरात में एक आदमी सोशल स्टेटस रखता था । उसके बहुत से फंक्शन होते थे और बहुत से लोग उसमें शामिल होते थे । पुलिस वालों ने उसके ऊपर टाडा लगाया और दूसरे लोगों को भी पकड़ लिया, जिनके फोटोग्राफ उसके साथ थे । उन लोगों ने पूछा कि साहब ठीक है, हमें जिन्दगी भर जेल में रखिये मगर हमें हमारा कसूर तो बता दीजिये । तो पुलिस वालों ने वे फोटो उनको दिखाये और कहा कि इसमें आपका फोटो है, इस वजह से तुम्हें जेल में रखा है । उसके बाद एक आदमी ने कमिश्नर से पूछा कि आपके साथ भी हमारा फोटो है तो आप भी जेल में जाइये । क्योंकि आप भी तो यहां पर हमारे साथ बैठे हैं । कहने का मतलब है कि किस तरह से मीसा और टाडा का मिसयूज हुआ । हर एक शख्स चाहता है कि दहशतगर्दी खत्म हो । मेरे ख्याल में यह हर शख्स चाहता है । आप अखबारों को देखिये उनसे यह पता चलता है कि दहशतगर्दी अकेले हिन्दुस्तान में नहीं है, यह तो इन्टरनेशनल प्राब्लम होती चली जा रही है । बहरहाल, दहशतगर्दी को खत्म करने के वास्ते आप जितने भी सख्त से सख्त कानून लायें, उनसे यह दहशतगर्दी खत्म नहीं हुई और मासूम लोग इसमें पकड़े गये । इसको देखकर मुझे वह मिसाल याद आती है कि:

मर्ज बढ़ता गया ज्यों ज्यों दवा की ।

पहला मिश्रा मैं नहीं पढूंगा । शायद उससे दूसरे भाई कुछ और मतलब निकाल लें इसलिये बहरहाल मैं दूसरे से ही काम चला लेता हूं ।

मैं इस सिलसिले में यह अहम मशविरा देना चाहता हूं कि यह दहशतगर्दी खत्म हो सकती है अगर इसमें आवाम का तावून लिया जाय । कोई भी सेंसिबल आदमी यह नहीं चाहेगा कि हमारे मुल्क के अन्दर दहशतगर्दी रहे लेकिन इसके लिये अवाम का तावून जरुरी है और आवाम के तावून के लिये सरकार को जबान देनी पड़ेगी कि हम किसी मासूम को नहीं पकड़ेंगे । किसी मुलजिम को छोड़ेंगे नहीं । टाडा की तरह से जिस तरह से मासूम पकड़े गये और जिस तरह से मुलजिम छोड़े गये या नहीं छोड़े गये, अगर कानून रहेगा तो दहशतगर्दी बढ़ेगी । इस बात की कोई जमानत नहीं है कि आप मासूम लोगों के खिलाफ जुल्म सितम नहीं करेंगे । उसकी एक सूरत है । मेरा मशविरा है आप अगर यह कानून लाते हैं तो दस एक अफसरों को सजा दे दीजिये जिन्होंने गलत लोगों को पकड़ कर आज तक जेल मे बन्द किया है । टाडा में मासूम लोगों को पकड़ कर बन्द किया गया, जिन जिन अफसरों ने, पुलिस के लोगों ने गलत तरीके से बन्द किया आप उसकी स्क्रीनिंग करा कर दस एक अफसरों को सजा दे दीजिये फिर देखिये मासूम लोग पकड़े नहीं जायेंगे । आप कोई भी कानून बनायेंगे उसमें आपको आवामी ताव्वुन नहीं मिलेगा, किसी तरह से दहशतगर्दी खत्म नहीं होगी । एक बात और कहना चाहता हूं । सभी पक्षों के लोग एक बात कहते रहे कि मशीनरी ने मिसयूज किया मीसा में हम भी बन्द थे । हमारे ऊपर इल्जाम यह लगाया गया था कि मैं एक टीम लेकर चल रहा हूं मोहतरमा

इंदिरा गांधी के कत्ल करने के वास्ते। मैं सोच भी नहीं सकता, तस्सबुर नहीं कर सकता किसी प्राइम मिनिस्टर के बारे में मेरे दिमाग में ऐसी सोच हो लेकिन पुलिस ने यह केस जड़ दिया था कि मैं टीम लेकर चल रहा हूं आजमगढ़ से दिल्ली की तरफ मोहतरमा इंदिरा गांधी को कत्ल करने के लिये। अगर फाइल देख कर के फैसला होगा तो फाइल को बहुत मजबूत यह पुलिस वाले बनाते हैं। इसलिये मशीनरी पर इल्जाम देना गलत है। मशीनरी एक नाजी घोड़े की तरह से है। सवार कैसा है, यह देखा जाना चाहिये। अगर सवार ठीक है तो नाजी घोड़ा ठीक हो जाता है, अच्छी रफ्तार से चलता है उसी तरह से अच्छी रफ्तार से चलेगा अगर सवार लुजलुज है तो घोड़ा उसको पटक भी देगा और दो लात भी लगा देगा कि जाओ तफरीह करो। मेरा कहना यह है कि मशीनरी को कंट्रोल करने के वास्ते जो इस कानून पर अमल दरामद करायेंगें वह लोग जब तक ठीक नहीं होंगे तब तक इस कानून का अच्छा असर नहीं होगा, मासूम ही खाली तबाह होंगे और मुलजिम कभी पकड़े नही जायेंगे। मशीनरी को ठीक करने के वास्ते आप यह बताइये कि टाडा को गलत इस्तेमाल करने वाली मशीनरी जो थी उसमें से कितने लोगों को आप सजा देने जा रहें हैं? तब तो कम से कम दिमाग में यह बात मालूम होगी कि कानून का असर होगा। अगर आप मशीनरी को ठीक नहीं कर सकते, मशीनरी को ठीक करने का काम हुक्मरान तबके का है, मशीनरी ठीक करने की ताकत हुक्मरान में नहीं है तो मशीनरी को इल्जाम नहीं देंगे बल्कि हुक्मरान को इल्जाम देंगे। उनके अन्दर कमी है। वह मुल्क को अपना मुल्क समझें और दहशतगर्दी खत्म करने के वास्ते, अपना असम्यम इरादा करें। जो भी मशीनरी का आदमी हो, चाहे आई.ए.एस. अफसर हों, चाहे आई.पी.एस. अफसर हो, उसने जो टाडा में गलती की है, उसको भी वही सजा मिलनी चाहिये जो मासूम लोगों को टाडा में जेल में भर कर सजा दी गई। आखिरी बात कहकर मैं अपनी बात खत्म करता हूं। दहशतगर्दी जैसे कि मैंने शुरू में कहा कि यह दलगत मामला नहीं है। यह पूरे देश का मामला है। मैं अखबार में पढ़ता हूं और आज सुबह के अखबार में मैंने देखा कि कराची में बेनजीर इशारा कर रही है कि यहां भी दहशतगर्दी फैल गई है। जिससे शिकवा आम तौर से लोग करते थे वहां भी दहशतगर्दी है और बहुत से मुल्कों में पहुंच गई है। यह इंटरनेशनल मसला हो गया है। लिहाजा तमाम दलों को मिला कर के जब तक दलों का दिल साफ नहीं हो, दहशतगर्दी खत्म नहीं हो सकती। जब तक दलों को मिलायेंगे नही दिल साफ नहीं होंगे, दहशतगर्दी खत्म नहीं होगी मुल्क सबका है, किस तरह से हम आपसी ताब्दुन से दहशतगर्दी और इस किस्म की चीज खत्म करें और किसी मासूम को जरा भी तकलीफ न हो यह हमारे सामने हो तो कानून अमल करेगा हमारे पास अच्छी मशीनरी नहीं है मशीनरी को टाइट करने की हमारे पास ताकत नहीं है तो आप अच्छा कानून लाकर के क्या करेंगे। उसका कोई असर नहीं होगा। इसमें तो बहुत सा डिफेक्ट है, रिट्रोस्पेक्टिव और प्रोस्पेक्टिव का भी इसमें झगड़ा है और बहुत सा झगड़ा है। इन सब बातों को कहने के बाद मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं।

†[شری مسعود خاں (اتر پردیش):

محترمہ شکریہ۔ محترمہ کئی ہفتوں سے یہ بات سنی جا رہی ہے کہ "ٹاڈا" ختم ہوگا ٹاڈا ختم ہوگا۔ مگر جب وہ وقت آگیا "ٹاڈا" کو ریپیل کرنے کا تو اس پر مجھے ایک شعر یاد آتا ہے کہ:

"کی مرے قتل کے بعد جفا سے توبہ
ہائے اس زود پشیماں کا پشیماں ہونا"

محترمہ کل جب ہوم منسٹر صاحب "ایکسپلینیشن" دے رہے تھے رام جیٹھ ملانی صاحب نے سوال پوچھا تھا کہ جو لوگ "ٹاڈا" میں بند ہیں ان پر کس ایکٹ کے تحت مقدمہ چلیگا تو ہوم منسٹر صاحب نے کہا کہ ٹاڈا کے تحت "ریٹروسپیکٹیو" اور "پروسپیکٹیو" کی بھی بات ہوئی۔ میں اتنی ٹیکنیکلٹیز میں نہیں جانا چاہتا ہوں میں گاؤں کا رہنے والا ہوں۔ گاؤں میں جب سانپ نکلتا ہے تو لوگ اکٹھا ہوتے ہیں اور اسکے سر کچل دیتے ہیں باڈی کچل دیتے ہیں اور جب پونچھ ذرا ذرا ہلتی ہے تو گاؤں کے بوڑھے کہتے ہیں کہ اسکو بھی کچل دو۔ اس ایکٹ کو بالکل بدل دو۔ اس واسطے کہ "ٹاڈا" جیسے کہ میں نے کہا کہ اسے بالکل ٹاٹا کہہ دیا جائے اس کو ٹاٹا کر دو اور "ٹاڈا" کو بالکل ختم کر دیں

محترمہ۔ دو قانون ہمارے سامنے آئے ہیں ایک تو میسا کا قانون ہے جسمیں اس سدن کے بہت سے لوگ جیل میں گئے ہیں اسکے بعد "ٹاڈا" قانون آیا میں ایک مثال یہاں پر دینا چاہتا ہوں میرے بہت سے ساتھی جسمیں "جن سنگھ" کے لوگ بھی تھے اور ہم لوگ بھی تھے۔ میں بھی انمیں تھا ہم لوگ بریلی جیل میں بند تھے ایک ۹۰ سال کا آدمی جسکا "پرسٹیٹ" کا آپریشن ہوا تھا۔ جو کہ پیشاب بھی بیٹھ کر نہیں کر سکتا تھا نرس اسکے سامنے رکھا جاتا تھا۔ لیکن فائل میں اسکے خلاف کیس بنایا کہ وہ بجلی کے پول پر چڑھ کر تار کاٹ رہا تھا۔ اس واسطے اسکے اوپر "میسا" لگایا گیا۔ دوسری مثال میں "ٹاڈا" کی دینا چاہتا ہوں۔ گجرات میں ایک آدمی سوشل اسٹیٹس رکھتا تھا اسکے بہت سے فنکشنس ہوتے تھے اور بہت سے لوگ اسمیں شامل ہوتے تھے۔ پولیس والوں نے اس کے اوپر "ٹاڈا" لگایا اور دوسرے لوگوں کو بھی پکڑ لیا جتنے فوٹو گرافس اسکے ساتھ تھے ان لوگوں نے پوچھا کہ صاحب ٹھیک ہے کہ صاحب ہمیں زندگی بھر جیل میں رکھئے مگر ہمیں ہمارا قصور تو بتا دیجئے تو

†[ ] Transliteration in Arabic script.

پکشیوں کے لوگ ایک بات کہتے ہیں کہ مشینری نے مس یوز کیا۔ "میسا" میں ہم بھی بند تھے۔ ہمارے اوپر الزام یہ لگایا گیا تھا کہ میں ایک ٹیم لے کر چل رہا ہوں محترمہ اندرا گاندھی کے قتل کے واسطے میں سوچ بھی نہیں سکتا تصور نہیں کر سکتا کسی پرائم منسٹر کے بارے میں میرے دماغ میں ایسی سوچ ہو لیکن پولیس نے یہ کیس جوڑ دیا تھا کہ میں ٹیم لیکر چل رہا ہوں اعظم گڑھ سے دلی کی طرف محترمہ اندرا گاندھی کو قتل کرنے کیلئے۔ اگر فائل دیکھ کر کے فیصلہ تو فائل کو مضبوط بہت یہ پولیس والے بناتے ہیں۔ اسلئے مشینری پر الزام دینا غلط ہے۔ مشینری ایک گاڑی گھوڑے کی طرح ہے۔ سوار کیسا ہے یہ دیکھا جانا چاہئے۔ اگر سوار ٹھیک ہے تو گاڑی گھوڑا ٹھیک ہو جاتا ہے اچھی رفتار سے چلتا ہے۔ اسی طرح سے اچھی رفتار سے چلیگا۔ اگر سوار "سیج" ہے تو گھوڑا اسکو پٹک بھی دے گا اور دولات بھی لگا دے گا۔ کہ جاؤ تفریح کرو۔ میرا کہنا یہ ہے کہ مشینری کو کنٹرول کرنے کے واسطے جو اس قانون پر عملدرآمد کر رہے ہیں وہ لوگ جبتک ٹھیک نہیں ہونگے تبتک اس قانون کا اچھا اثر نہیں ہوگا۔ معصوم ہی خالی تباہ ہونگے اور ملزم کبھی پکڑے نہیں جائینگے۔ مشینری کو ٹھیک کرنے کے واسطے آپ یہ بتائیے کہ "ٹاڈا" کو غلط استعمال کرنے والی مشینری جو تھی اس میں سے کتنے لوگوں کو آپ سزا دینے جا رہے ہیں تب تو کم سے کم دماغ میں یہ بات معلوم ہوگی کہ قانون کا اثر ہوگا۔ اگر آپ مشینری کو ٹھیک نہیں کر سکتے۔ مشینری کو ٹھیک کرنے کا کام حکمراں طبقے کا ہے۔ مشینری ٹھیک کرنے کی طاقت حکمراں میں نہیں ہے تو مشینری کو الزام نہیں دینگے۔ بلکہ حکمراں کو الزام دینگے۔ انکے اندر کمی ہے وہ ملک کو اپنا ملک سمجھیں اور دہشت گردی ختم کرنے کے واسطے اپنا مصمم ارادہ کریں۔ جو بھی مشینری کا آدمی ہو۔ چاہے آئی۔اے۔ایس ہو چاہے آئی۔پی۔ایس۔ افسر ہو اسنے "ٹاڈا" میں جو غلطی کی ہے اسکو بھی وہی سزا ملنی چاہئے جو معصوم لڑکوں کو "ٹاڈا" میں جیل میں بھر کر سزا دی گئی۔

آخری بات کہنا چاہتا ہوں

آخری بات کہہ کر میں اپنی بات ختم کرتا ہوں دہشت گردی جیسا کہ میں نے شروع میں کہا کہ یہ الگ معاملہ نہیں ہے۔ یہ پورے دیش کا معاملہ ہے۔ میں اخبار میں پڑھتا ہوں اور آج صبح کے اخبار میں میں نے دیکھا کہ کراچی میں بے نظیر اشاعت کر رہی ہے کہ

†[ ] Transliteration in Arabic script.

ختم ہو سکتی ہے اگر اسمیں عوام کا تعاون لیا جائے۔ کوئی سینسن ایبل آدمی یہ نہیں چاہے گا کہ ہمارے ملک کے اندر دہشت گردی رہے لیکن اسکے لئے عوام کا تعاون ضروری ہے اور عوام کے تعاون کیلئے سرکار کو یہ یقین دہانی کرنی پڑے گی کہ ہم کسی معصوم کو نہیں پکڑینگے کسی ملزم کو چھوڑینگے نہیں "ٹاڈا" کی طرح سے جسطرح سے معصوم پکڑے گئے اور جسطرح سے ملزم چھوڑے گئے یا نہیں چھوڑے گئے۔ اگر قانون رہے گا تو دہشت گردی بڑھے گی۔ اس بات کی کوئی ضمانت نہیں ہے کہ آپ معصوم لوگوں کے خلاف ظلم و ستم نہیں کرینگے۔ اسکی ایک صورت ہے میرا مشورہ ہے آپ اگر یہ قانون لاتے ہیں تو دس ایک افسروں کو سزا دے دیجئے جنہوں نے غلط لوگوں کو پکڑ کر آجتک جیل میں بند کیا ہے۔ "ٹاڈا" میں معصوم لوگوں کو بند کیا گیا جن جن افسروں نے۔ پولیس کے لوگوں نے غلط طریقے سے بند کیا آپ اسکی اسکریننگ کرا کر دس ایک افسروں کو سزا دے دیجئے۔ پھر دیکھئے معصوم لوگ پکڑے نہیں جائینگے آپ کوئی بھی قانون بنائیں گے اسمیں آپکو عوامی تعاون نہیں ملے گا۔ کسی طرح سے دہشت گردی ختم نہیں ہو پائے گی بس یہ بات اور کہنا چاہتا ہوں۔ سبھی تو پولیس والوں نے وہ فوٹو انھیں دکھائے اور کہا کہ اسمیں آپکا فوٹو ہے۔ اسوجہ سے تمہیں جیل میں رکھا ہے۔ اسکے بعد ایک آدمی نے کمشنر سے پوچھا کہ آپکے ساتھ بھی ہمارا فوٹو ہے تو آپ بھی جیل میں جایئے کیونکہ آپ بھی تو یہاں پر ہمارے ساتھ بیٹھے ہیں۔ کہنے کا مطلب ہے کہ کسطرح سے "میسا" اور "ٹاڈا" کا مس یوز ہوا۔ ہر ایک شخص چاہتا ہے کہ دہشت گردی ختم ہو۔ میرے خیال میں یہ ہر شخص چاہتا ہے۔ آپ اخباروں کو دیکھئے ان سے یہ پتہ چلتا ہے کہ دہشت گردی اکیلے ہندوستان میں نہیں ہے یہ تو انٹرنیشنل پرابلم ہوتی جا رہی ہے بہرحال دہشت گردی کو ختم کرنے کے واسطے آپ جتنے بھی سخت سے سخت قانون لائیں ان سے یہ دہشت گردی ختم نہیں ہوگی اور معصوم لوگ اسمیں پکڑے گئے اسکو دیکھکر مجھے وہ مثال یاد آتی ہے کہ:

"مرض بڑھتا گیا جوں جوں دوا کی"

پہلا مصرع میں نہیں پڑھونگا۔ شاید اس سے دوسرے بھائی کچھ اور مطلب نکالیں اسلئے میں بہرحال دوسرے سے ہی کام چلا لیتا ہوں۔ میں اس سلسلے میں اہم مشورہ دینا چاہتا ہوں کہ یہ دہشت گردی

†[] Transliteration in Arabic script.

یہاں بھی دھشت گردی پھیل گئی ہے جس سے
شکوہ عام طور سے لوگ کرتے تھے وہاں
بھی دھشت گردی ہے اور بہت سے
ملکوں میں پہنچ گئی ہے - یہ انٹرنیشنل مسئلہ
ہو گیا ہے - لہذا تمام دلوں کو ملا کر کے
جبتک دلوں کا دل صاف نہیں ہو دھشت
گردی ختم نہیں ہو سکتی - جبتک دلوں کو
ملائینگے نہیں دل صاف نہیں ہونگے - دھشت
گردی ختم نہیں ہوگی - ملک سب کا ہے -
اسطرح سے ہم آپسی تعاون سے دھشت
گردی اور اس قسم کی چیز ختم کریں اور کسی
معصوم کو ذرا بھی تکلیف نہ ہو یہ ہمارے
سامنے ہو تو قانون عمل کرے گا - ہمارے
پاس ابھی مشینری نہیں ہے - مشینری کو
ٹائٹ کرنے کی ہمارے پاس طاقت نہیں
ہے تو آپ اچھا قانون اگر کے کیا کرینگے
اسکا کوئی اثر نہیں ہوگا - اسمیں تو بہت
سا ڈیفیکٹ ہے "ریٹروسپیکٹیو" اور
"پروسپیکٹیو" کا بھی اسمیں جھگڑا ہے
اور بہت سا جھگڑا ہے - اس سب باتوں
کو کہنے کے بعد میں آپکا شکریہ ادا کرتا
ہوں - ختم شد

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Shri Sanatan Bisi.

SHRI SANATAN BISI: (Orissa): Madam, thank you for giving me this opportunity. Madam, I would like to deal with four points, firstly, the objects; secondly; the Criminal Procedure Code, thirdly, the Indian Penal Code and fourthly, article 245 of the Constitution.

The present Government has brought this Bill in a very dubious manner. I say dubious because of the fact that the Government has not taken into consideration the report given by the Standing Committee. The Government has also not taken into consideration the views expressed by the Members of the Opposition parties. The Government has also not taken into consideration the views expressed by some Chief Ministers and leaders of other States.

Madam, so far as the Criminal Procedure Code and the Indian Penal Code are concerned, both these Codes are not applicable to the State of Jammu and Kashmir. As per the Statement of Objects and Reasons the Government says that they are bringing this legislation for the purpose of curbing terrorism in Jammu and Kashmir, Punjab and North-East. Madam, already the Indian Penal Code is there and the Criminal Procedure Code is also there The House is unanimous that the Indian Penal Code should be made applicable, by necessary amendments.

Madam, two things can be done. So far as Jammu and Kashmir, Punjab and North-East are concerned, there are several laws under which you can deal. So far as other States are concerned, the Indian Penal Code is there and the Criminal Procedure Code is also there. There two Codes are very good. We can go ahead with them. It will not create any tension in the minds of the people.

Madam, so far as the definitions in clause 3 and clause 4 of the present Bill are cn cncerned, almost all the parties have condemned it. almost all the parties have decried it, and also the Members of the Congress party. So far as the

definitions of 'disruptive activities' and 'terrorist acts' are concerned, these should not be there. The definitions should be in accordance with the Indian Penal Code. The present Bill which they have introduced is not with good intentions and with spontaneity because the objectives are not very clear. Madam, as you know, article 248 of the Constitution is a residuary provision. It is clear that the Criminal Procedure Code is not applicable to the State of Jammu and Kashmir. But the Government wants to have sections 167; 260; 366, 367; 368: 371 and 438 of the Criminal Procedure Code in the present Bill. I would like to know from the hon. Home Minister what he is going to do with article 248 of the Constitution because when corresponding Law are not inforce.

Lastly, when the entire nation is against the Criminal Law Amendment Bill, 1995, it should be withdrawn. This is the opinion of my party.

Thank you.

SHRI V. GOPALSAMY (Tamil Nadu): Madam, I am thankful to you for giving me this opportunity. I rise to oppose this Bill. This is the most draconian piece of legislation. Madam, this draconian legislation was enacted 10 years ago on 23rd May, 1985. It is a painful paradox which was enacted a decade ago.

Madam, in 1975 emergency was declared. Before that the citizens of India raising their heads high could walk into any capital of the world saying that they belonged to the tallest democracy in the world. That kind of reputation was totally destroyed during the dark days of the Emergency. Again, in the year 1985, TADA was enacted. Now, after ten years, in 1995; we are discussing in this August House another draconian, obnoxious piece of legislation. The National Human Rights Commission demanded the repeal of TADA Its Chairman, hon. Shri Ranganath Mishra, has advised the Government not to renew TADA in view of its gross misuse in many parts of the country. But what is the Government doing? It is renewing TADA with a different name. Therefore, we oppose this Bill. There are already laws of the land to deal with any situation. There is no necessity to bring forward this legislation. TADA was misused against the minorities and now they say that it will not be misused and if any police officer, corruptly and coersively tries, maliciously proceeds or threatens to proceed, he will be dealt with according to the provisions of this law. But the police officers normally tend to use such provisions only at the behest of the people in power.2 Therefore, the Government will be responsible to what has happened in many States where thousands of people are languishing in jails for all these years due to political vendetta. Political opponents have been thrown into jails. This is happening in Tamil Nadu also. The fascist forces, after taking the reins of the Government; have suppressed the human rights. Therefore, this law is against the Declaration of Human Rights in Geneva.

Now they say that if anybody is in jail on charges of terrorism for a period of five years, his property can be confiscated; the trial will be held in camera and the witnesses may not be identified. Then there is a possibility of summary trial. Our experience all these years is self-evident. The Government had assured that TADA would be there only for two years. All the assurances given by the Government have gone with the wind. Therefore, I would request the Government not to proceed with this piece of legislation.

What will happen to those who are languishing in jails, those who were booked under TADA? They

say that they will be dealt with in accordance with the old TADA but you say that the old Act is being repealed. This is nothing but fraud and camouflage. I think those cases have to be dealt with in accordance with the ordinary laws of the land when you say that you are bringing forward a new legislation. We are opposing this Bill. I would like to see that this Bill is defeated lock, stock and barrel. If you pass this Bill, then those persons who are languishing in jails should not be dealt with under the old Act. That is why I say that it is a fraud and camouflage. The experience we have about this sort of black laws is that such laws have always been used by the people in charge of their implementation to suppress human rights. Therefore, Madam, I request the Government not to proceed with this Bill, but withdraw this Bill. This is my submission, Madam. Again, with all the force at my command, I oppose this Bill.

*श्री सतीश प्रधान (महाराष्ट्र)

उपसभाध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने के लिए जो अवसर दिया है उसके लिए मैं आपका शुक्रगुजार हूं। आज हम समाप्त हो रहे टाडा के बारे में और उसका स्थान लेने वाले "दंड विधि संशोधन विधेयक, 1995" के बारे में चर्चा कर रहे हैं।

महोदया, आज जिसकी मियाद समाप्त होने जा रही है उस टाडा को सबसे पहले 1985 में लागू किया गया था। पिछले दस साल से टाडा नाम का यह कानून इस देश में लागू था। दस साल के बाद इसको समाप्त किया जा रहा है। अगर मैं ऐसा कहूं कि आज टाडा का अंतिम दिन है, तो वह गलत नहीं होगा। मैं इस सदन में एक सवाल उठाना चाहता हूं। सवाल यह है कि टाडा या टाडा जैसे कानूनों की जरुरत ही क्यों महसूस हुई। 1985 में जब यह कानून बनाया गया था तब इस कानून को किन उद्देश्यों से बनाया था? किन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए यह कानून बनाया गया था। इस संदर्भ में कई माननीय सदस्यों ने अपने विचार पेश किए हैं। भारतीय दंड संहिता का भी उल्लेख किया गया है।

सवाल यह है कि 1985 में जब यह कानून बनाया गया था तब भी भारतीय दंड संहिता मौजूद थी। लेकिन देश के कोने-कोने में जो विध्वंसक गतिविधियां, आतंकवादी कार्यवाहियां हो रही है, सीमा पार से आतंकवाद को बढ़ावा दिया जा रहा था, ऐसे नाजुक समय में स्थिति का मुकाबला करने के लिए उस वक्त के मौजूद कानून पर्याप्त नहीं थे। उन कानूनों के सहारे स्थिति पर नियंत्रण नहीं किया जा सकता था इसलिए एक नये सशक्त कानून की आवश्यकता महसूस हुई और टाडा जैसे कानून को तत्कालीन संसद ने, सरकार ने अमल में लाया। समय समय पर टाडा की मियाद भी बढ़ाई गई।

**उप-सभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे)** : आप कृपा करके माईक के पास आकर बोलिए।

**श्री सतीश प्रधान** (महाराष्ट्र) : आज टाडा कानून का अंतिम दिन है। कल से टाडा कानून का कार्यान्वियन समाप्त हो जायेगा।

**उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे)** : प्रधान जी आप कृपया आगे आकर बोलिए।

**श्री सतीश प्रधान** : आज इस चर्चा के दौरान भारतीय दंड संहिता और दंड विधि के उल्लेख किए जा रहे हैं। यह सब कानून मौजूद होने के बावजूद 1985 में टाडा जैसा कानून संसद ने बनाया। इन कानूनों के प्रावधान पर्याप्त नहीं हैं, यह उस वक्त के संसद ने स्वीकार किया था। उस स्वीकारोक्ति के बाद ही टाडा कानून बनाया गया था। 1985 में जो स्थिति थी और आज 1995 में स्थिति है उस में कोई खास फर्क नहीं है।

जिस स्थिति में यह कानून बनाया गया था वह स्थिति बरकरार है। स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं आया। पिछले दस

*Transliteration of the Original Speech delivered in Marathi.

[श्री सतीश प्रधान]

साल से इस कानून का कार्यान्वयन हो रहा है। माननीय गृह मंत्री जी ने इस संदर्भ में जो वक्तव्य दिया था, गृह मंत्रालय के रिपोर्ट के आधार पर यह कहा जा सकता है कि दस साल पहले जो स्थिति थी वह आज भी है। यह कानून जिस परिस्थिति में बनाया गया था वह परिस्थिति आज भी मौजूद है। फिर सवाल यह पैदा होता है कि आज यह कानून क्यों बुरा लगने लगा। आज भी देश में आतंकवादी गतिविधियां जारी हैं। बम कांड हो रहे हैं। सीमा पार से आतंकवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। आंकड़े यह बता रहे हैं कि 1985 से आतंकवाद की जो स्थिति थी वह आज भी है।

सरकार को इस बात का अध्ययन करना चाहिए कि किस तरह से आतंकवाद समाप्त किया जा सकता है। इस कानून का उद्देश्य देशद्रोहियों को सजा दिलाना था। जो देश की एकता, अखंडता और सार्वभौमिकता को चुनौती दे रहे थे उनको सजा दिलाने के लिए यह कानून बनाया गया था। देश को आतंकित करने वालों के खिलाफ यह कदम उठाया गया था।

1985 में केन्द्र सरकार ने टाडा को पारित करके राज्य सरकारों को इसके कार्यान्वयन की अनुमति दी। केन्द्र सरकार ने एक प्रभावी हथियार राज्य सरकारों के हाथ में दिया था। लेकिन क्या राज्य सरकारें इसका सही इस्तेमाल कर रही हैं या नहीं इसके बारे में सरकार ने बिल्कुल नहीं सोचा। केन्द्र सरकार दर्शक की भूमिका अदा करती रही। वास्तव में सरकार ने इस कानून का इस्तेमाल कैसा हो रहा है, कार्यान्वयन कैसा हो रहा है, उसमें क्या कमियां हैं, उसके क्या दुरुपयोग हो रहे हैं इसके बारे में अध्ययन करना चाहिए था। यह जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की थी। लेकिन केन्द्र सरकार ने अपना फर्ज पूरा नहीं किया। इस कानून का कहां और कैसे गलत इस्तेमाल हो रहा है इसके बारे में अध्ययन किया जाना चाहिए था। लेकिन सरकार मूक दर्शक बन के तमाशा देखती रही।

आज सरकार दंड विधि संशोधन विधेयक, 1995 लेकर आयी है। इस बिल में भी ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि जिससे केन्द्र सरकार इस कानून के कार्यान्वयन में आ रही कमियां दूर कर सके। इसके अध्ययन की कोई व्यवस्था नहीं है। इसके कार्यान्वयन में निगरानी की कोई व्यवस्था नहीं है।

इस कानून के कार्यान्वयन में हो रही गलतियां दूर करने के लिए कोई प्रावधान नहीं है। अगर इसके कार्यान्वयन में कोई ज्यादतियां हुई तो क्या आप इस कानून को दुबारा समाप्त करेंगे? जिस तरह आज टाडा को समाप्त किया जा रहा है क्या उसी तरह आप इस कानून को भी एक दिन समाप्त करने के लिए संसद के सामने आयेंगे? यह सवाल मैं यहां उठाना चाहता हूं।

**विद्युत मंत्री (श्री एन० के० पी० साल्वे):** अगर ऐसा है तो टाडा में भी संशोधन किया जा सकता था।

**श्री सतीश प्रधान:** जो भी आवश्यक है वह किया जाना चाहिए। यह मेरा अनुरोध है। इस सदन में उच्चतम न्यायालय के आदेश का भी उल्लेख किया गया। एक कमेटी बनाने के संदर्भ में भी बात उठायी गयी है। उच्चतम न्यायालय ने एक कमेटी नियुक्त करके अब तक दर्ज हुए केसेज के बारे में रिव्यू करने के लिए कहा। लेकिन इस पर कोई अमल नहीं हुआ। कमेटी बनाने का और कानून में संशोधन करने का अधिकार संसद का है। लेकिन इस बात को उच्चतम न्यायालय को कहना पड़ा। न्यायालय ने इस तरह की टिप्पणी क्यों की? यह भी एक सोचने लायक बात है। उच्चतम न्यायालय के इस टिप्पणी के बारे में सरकार ने अब तक कोई विचार-विमर्श नहीं किया। कानून की दूसरी संस्था ऐसा हस्तक्षेप क्यों कर रही है इसके बारे में भी सोचा नहीं गया। हमने इसके संशोधन के बारे में नहीं सोचा बल्कि हम इसको समाप्त

करने पर तुल गये । इन सब बातों को मद्देनजर रखके मुझे ऐसा महसूस होता है कि हम कहीं न कहीं ग़लत रास्ते पर जा रहे हैं । हम वास्तव में यह राह भटक रहे हैं । तीसरी और महत्वपूर्ण बात का भी मैं उल्लेख करना चाहता हूं । इस कानून प्रक्रिया में आपने जो विशेष अदालतों का प्रावधान किया है उन अदालतों द्वारा समय पर निर्णय नहीं लिये जाते । सालों साल मामले चलते हैं । इस संदर्भ में मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि इन अदालतों द्वारा तुरन्त निर्णय लिये जाने चाहिये । जो केसेस कोर्ट में जाते हैं उनका निपटारा कब होगा इस बात का कोई भरोसा नहीं होता । अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इन मामलों का तुरन्त निर्णय हो जाना चाहिये । न्याय व्यवस्था कछुए की चाल चल रही है । आज के इस अंतरिक्ष युग में हमारी न्याय व्यवस्था बिल्कुल पंगु बन गयी है, अपाहिज बन गयी है । उसमें जान फूंकने का काम कौन करेगा? आज पूरी न्यायपालिका पर प्रश्न चिन्ह लग गया है । किसी मामले को लटकाना हो तो उसे अदालत में ले जाओ और फिर 40-50 साल तक चैन की नींद सो जाओ । यह हालत हमारी आज न्याय पालिका की हो गई है । इसमें आमूल परिवर्तन की आवश्यकता है । यह परिवर्तन कौन करेगा ? तुरन्त न्याय करने की व्यवस्था होनी चाहिये । आज हमारी न्यायपालिका में जान फूंकने की आवश्यकता है । यह सरकार की जिम्मेदारी है । मैं उम्मीद करता हूं कि सरकार जरूर इस बात पर गौर करेगी ।

**उप सभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे)** : प्रधान जी आप और कितना समय लेंगे?

**श्री संतोष प्रधान** : मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा । मैं अंतिम मुद्दा पेश कर रहा हूं । कानून के बारे में ऐसा कहा जा रहा है कि यह कानून किसी विशेष समुदाय के खिलाफ इस्तेमाल किया गया । लेकिन यह बात बिल्कुल बेबुनियाद है । राज्य सरकारों के आकड़े इस बात को साबित करते हैं कि जो भी आरोप लगाये जा रहे हैं वे बेबुनियाद हैं ।

आज से टाडा को समाप्त किया जा रहा है । टाडा के संदर्भ में सब बातें समाप्त हो जायेंगी । लेकिन इस बात से हमें सबक लेना चाहिये और भविष्य में समय-समय पर अध्ययन और संशोधन किये जाने चाहिये । धन्यवाद ।

**उप सभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे)** : आपने एक मिनट में अपनी बात समाप्त की इसके लिये मैं आपकी आभारी हूं ।

**श्री राज बब्बर** (उत्तर प्रदेश) : माननीया उप सभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका अत्यन्त आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया । सन् 1994 की 16 अगस्त को जब पहली बार मैंने इस सदन में बोला था तो "टाडा" के खिलाफ बोला था और उस वक्त इस सदन के कई कोनों से प्रशंसा और प्यार दोनों ही मिला था—भावना और भावावेश में कभी उत्तेजित भी हुआ, नादानी भी की । शायद आज जब इस "टाडा" का आखिरी दिन है—जब कोई आखिरी सांसें ले रहा हो तो उसके सामने माफी मांग लेनी चाहिये – मैंने अगर कोई भी नादानी की हो तो उसके लिये क्षमाप्रार्थी हूं क्योंकि आज "टाडा" की आखिरी सांस निकलने वाली है ।

उप सभाध्यक्ष महोदया, मैं और मेरा दल इस "क्रिमिनल ला अमेंडमेंट बिल-1995" की प्रस्तुति और इसमें छुपी हुई मंशा और उसकी नीयत का विरोध करते हैं । इस बिल को पढ़कर और माननीय सदस्यों को सुनकर यह साफ जाहिर होता है कि यह बिल उस खतरे का आग़ाज है जिसकी भनक कई सालों से इस देश को मिल रही है । धीरे-धीरे इस देश में राजनैतिक एवं सामाजिक विचारधाराओं का पतन हो रहा है । एक वक्त था जब अपराधी अपनी जान को बचाने के लिये भ्रष्ट नेताओं की शरण में जाता था और एक वक्त वो आया कि अपराधी अपनी जान की एवज में नेताओं को उनकी कुर्सी तक पहुंचाने में मदद करने लगा और धीरे-धीरे वह नेताओं की मदद करने की बजाए खुद कुर्सी के करीब

[श्री राज बब्बर]

पहुंच गया । अपराध, अपराधी जगत और राजनीति ऐसे घुल-मिल गये हैं कि समाज में बुराइयों की बुराई करना एक असामाजिक बात लगने लगी है और बुराई को बुराई कहने वाला व्यक्ति बेचारा कहलाने लगा है ।

जब विचारधारा खत्म होती है तो व्यक्ति विशेष पनपने लगते हैं, स्वाभाविक गुण विशेष गुण कहलाने लगते हैं । अगर लोगों को यह विश्वास हो जाए कि अमुक व्यक्ति ईमानदार है तो वह इस देश का प्रधान मंत्री बन जाता है । शायद कल तक समाज में बदबू इस कदर फैल जायेगी कि सुबह मंजन और दातून करने वाला आदमी प्रधान मंत्री बन जायेगा महोदया, मैं इस बिल पर आता हूं । आने वाले कल में विचारधाराओं से कमजोर राजनैतिक लोग समाज को जोड़ने का काम तो क्या कर पाएंगे, उनकी सोच होगी कि लोग जुड़ें या न जुड़ें कोई फर्क नहीं पड़ता । बहुत सारे लोगों को जोड़ना बहुत मुश्किल होगा, चन्द पुलिस अफसरों और ब्यूरोक्रेट को जोड़ना आसान होगा । अपराधों की शरण में निकली हुई राजनीति देश को क्या दिशा दे पाएगी, यह बिल इसका संकेत है । कल इस देश में पुलिस का राज होगा, ब्यूरोक्रेट का राज होगा, राजनीतिक विचारधारा समाप्त हो जाएगी । दिल और दिमाग, इंसानियत के मूल्यों एवं बौद्धिक तर्कों से महरूम विवेक शून्य हो जाएंगे । आखिर यह देश कैसे चलेगा । पढ़े-लिखे अधिकारियों से या पुलिस के डंडों से ? महोदया, आतंकवाद आज वास्तविकता है । जिंदगी का एक कड़वा सच है । दुनियां के किसी कोने में झांक कर देखें, आतंकवादी गतिविधियां कल से आज कहीं ज्यादा नजर आती हैं । तो क्या यह देश जो ऋषि-मुनियों, संतों, फकीरों की पवित्र भूमि रही है – (समय की घंटी)

मैडम, मैं माफी चाहता हूं आज मुझे कह दीजिए । अगर चाहेंगे तो इसके बाद में कभी बोलूंगा नहीं, वापिस चला जाऊंगा बहुत-बहुत धन्यवाद ।

आतंकवाद आज वास्तविकता है । जिंदगी का एक कड़वा सच है । दुनियां के किसी कोने में झांक कर देखें, आतंकवादी गतिविधियां कल से आज कहीं ज्यादा नजर आती हैं । तो क्या यह देश जो ऋषि-मुनियों, संतों-फकीरों की पवित्र भूमि रही है, को हत्यारों की सोच के हवाले कर दें, अपराधियों के हवाले कर दें ? इस देश ने बाल्मीकी को संत बनाया है । यह सच है कि जस्टिस ए० एन० मुल्ला ने पुलिस की तुलना डकैतों के गैंग से की थी । लेकिन फिर भी इस महान देश ने इनको अपना मुहाफिज समझा और इन मुहाफिजों ने ऐसे कानूनों का सहारा लेकर पंजाब की उस जांबाज धरती जहां पर चौड़े सीने वाले नौजवानों से भरी उस धरती के गांवों के अंदर एक बार तो ऐसा कर दिया कि किसी घर में 16 साल से लेकर 20 साल तक कोई भी नौजवान नजर नहीं आता था । मेरठ हो या बम्बई, आन्ध्र प्रदेश हो या किसी कस्बे का छोटा सा स्थान, खाकी वर्दी वाले मजलूम औरतों का बलात्कार करने से नहीं चूकते । भोलाभाला आदमी, अनपढ़ औरत जिसका बच्चा दूध नहीं पीता तो कहती है कि जल्दी से दूध पी ले, पुलिस आ जाएगी । इस देश का मामूली आदमी जो वहुनायत में है, पुलिस के नाम से कांपता है । क्या आने वाले कल में इस देश की नस्लों को भय और डर की तलवार के साए में जिंदा रखेंगे ? एक तरफ अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद, अन्तर्राष्ट्रीय उग्रवाद, दूसरी तरफ माफिया टैरोरिज्म, माफिया उग्रवाद, तीसरी तरफ राजनैतिक उग्रवाद और इस सबके ऊपर इस बिल के जरिये से स्टेट टैरोरिज्म का खतरा । इन सारे टैरोरिज्म के खतरे को तलवारों से इस मुल्क के नौजवानों को क्या हम कायर नहीं बनायेंगे? शायद कल इस देश में फिर कोई भगत सिंह, बलवन्त फड़के, सुभाष चन्द्र बोस, जवाहर लाल नेहरू, महात्मा गांधी, डा० लोहिया जैसे लीडर और स्वाभिमानी व्यक्तित्व पैदा नहीं होंगे ? इस देश की गरिमा ने यही सिखाया है कि प्यार से जीओ और प्यार बांटो । जिस देश के बच्चे प्रधान मंत्री

की कुर्सी पर बैठे हुये व्यक्ति को प्यार से चाचा नेहरू कहा करते थे, उसी देश के बच्चे प्रधान मंत्री की कुर्सी पर बैठे हुये लोगों को चोर, बदमाश, बेईमान कहें। उसी देश के बच्चों का चाचा बेईमान, धोखेबाज, भ्रष्ट हो जाए। बच्चों के प्यारे चाचा को हत्यारा मत बनाओ। ऐसे कानूनों को पनपने मत दीजिये। आतंकवाद की सबसे बड़ी खाद है– बेरोजगारी, गरीबी, भुखमरी। उसके लिये कानून बनाइये। जो बनाये हैं उससे भी बड़े कानून बनायें। कोई टाडा, कोई मीसा, कोई एन.एस.ए., कोई कानून चरार-ए-शरीफ को झुलसने और बाबरी मस्जिद को टूटने से, राधाबाई चाल को जलने से और बम्बई के बम विस्फोट को होने से नहीं रोक सका। अगर कोई चीज इन घटनाओं को रोक सकती थी तो वह थी इस हिन्दुस्तान की धरती की धरोहर, प्रेम, भाईचारा जो कहीं गुम हो गया है और गुम होता जा रहा है।

महोदया, सारे देश के बुद्धिजीवियों, पत्रकारों, बच्चों, बूढ़ों, नौजवानों, सांसदों, विधायकों, मंत्रियों, प्रधान मंत्री, गृह मंत्री के उन वक्तव्यों को याद करें, जिसमें उन्होंने सबसे कहा और सबने माना है कि टाडा जैसे कानून का दुरुपयोग हुआ है। दुरुपयोग किसी पत्थर पर नहीं, सड़क पर नहीं, दीवारों पर नहीं हुआ, लकड़ी के कुर्सी पर नहीं हुआ, किसी कटी हुई शाख पर नहीं हुआ, अगर यह दुरुपयोग हुआ है तो इंसानों पर हुआ है। अगर यह दुरुपयोग हुआ है तो इंसानों पर हुआ है। पहले एक बार उन इंसानों को राहत दे लें। पुलिस वालों और ब्यूरोक्रेट्स की कमेटियां बनने के बजाय कुछ दिलवाले इंसानों की कमेटियां बना कर उन जख्मी दिलों पर मलहम लगाएं। आओ, हम सब मिलकर अपनी भूलों का प्रायश्चित कर लें। उन मजलूमों उन बेगुनाहों को मुक्त करें, उनके दिलों से दुआएं लेकर प्यार की फिजा बनाएं जिससे आतंक की गोली, चाहे आतंकवादी की बंदूक से निकली हो, चाहे पुलिस वाले की या सरकार की सोची-समझी हुई बंदूक से निकली हो, इस देश की एकता और अखंडता और धर्मों को छिन्न-भिन्न न कर सके। राष्ट्र की सुरक्षा, एकता, अखंडता सबसे ऊपर है। मेरे लिए भी, आपके लिए भी, हम सबके लिए भी लेकिन उससे भी ऊपर इस विशाल समाज की मानवीय गरिमा है जिसको अनदेखा न मैं कर सकता हूं, न आप कर सकते हैं क्योंकि मानवीय अस्तित्व के बिना न तो समाज की और न राष्ट्र की कल्पना संभव है। एक समतामूलक समाज की परिकल्पना के फलस्वरूप निर्मित संविधान में कानून की सत्ता सबसे ऊपर है और इस कानून का प्रथम दायित्व है व्यक्ति की मानवीय गरिमा को सुनिश्चित करना। इसलिए ऐसा कोई भी कानून जो व्यक्ति की गरिमा पर प्रहार करता हो या उसे बनाए रखने में सक्षम न हो तो उसे बनाए रखना या बनाना संविधान के प्रति बेईमानी है, संविधान निर्माताओं के प्रति अनादर है। टाडा एक ऐसा कानून था जो धर्मशास्त्र, न्यायशास्त्र के सभी सिद्धांतों, संविधान द्वारा दिए गए नागरिकों के सभी मौलिक अधिकारों, तमाम मानवीय मूल्यों, मर्यादाओं और सांस्कृतिक परम्पराओं को ताक पर रखकर एक दशक तक नग्न तांडव करता रहा। आजादी के पहले से लेकर आज तक राष्ट्र के संविधान के नाम पर जितने भी कानून बने, चाहे वह मीसा हो, डी.आई.आर. हो, एन.एस.ए. हो या टाडा हो, सब आलोचना के शिकार हुए और उनकी परिणति बुरी हुई। मीसा तो अपनी जननी कांग्रेस की सरकार को निगल गया, खा गया। टाडा के दुरुपयोग को कुबूल करने के बाद जिस तरह से आनन-फानन में सरकार ने इस कानून को लाने का प्रावधान किया है, उससे उनकी नियत पर एक बार फिर प्रश्न-चिन्ह लग गया है मेरी पूरे सदन के सामने हाथ जोड़ कर विनती है कि पार्टियां और सरकारें तो बनती-बिगड़ती रहेंगी। हमें कल के लिए अपने बच्चों के स्कूल जाने के लिए कहीं ऐसा न हो कि उन बच्चों को खाकी वर्दी का सहारा लेना पड़े बल्कि उन्हें अपनी मां की ममता भरी अंगुली और अपने बाप की नेकियों का सहारा लेकर जाना पड़े। इसके लिए जैसा कि आप सब के दिलों में है कि यह बिल आतंकवाद के नाम पर आतंक फैलाने का आगाज है। इसके खिलाफ एकमत हो जाएं। एक बार फिर कहूंगा कि टाडा से पीड़ित बेगुनाहों को राहत दें और फिर उसके बाद इस देश

[श्री राज बब्बर]

के साथ द्रोह और इस धरती के साथ गद्दारी करने वालों को, इस देश के धर्मों कबीर, नानक और तुकाराम के विचारों, रवि शंकर की सितार, अल्ला रखा के तबले, बड़े गुलाम अली और भीमसेन जोशी, कुमार गंधर्व के स्वरों, बिस्मिल्ला खां की शहनाई, बेगम अख्तर की गज़लों बिरजू महाराज की थिरकन, मधुबाला की खूबसूरती और नर्गिस के अभिनय का कोई अपमान न कर सके। ऐसा कानून बनाएं जिससे आने वाले दिनों में कोई भी शैतान इस देश की मिट्टी का, इस धरती मां का अपमान न कर सके, ऐसा कानून बनाएं, यही मेरी विनती है आप लोगों से। बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Shri Ghulam Nabi Abad. (*Interruptions*)

SHRI S. S. SURJEWALA (Haryana): Madam, I am on a point of order. Actually, when my friend was speaking, I did not think it proper to interrupt him. But I would certainly like to request you to kindly give a ruling. My point of order is that under the Rules of Procedure of this House, no Member can read his speech verbatim. He can only refer to certain notes which he has. (*Interruptions*)....

SHRI V. GOPALSAMY: He was only referring... (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Surjewalaji, there is no point of order. Shri Ghulam Nabi Azad, please. (*Interruptions*)

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN (Tamil Nadu): It is a different thing that his whole speech was irrelevant. (*Interruptions*)

SHRI MD. SALIM (West Bengal): Madam, we welcome Shri Azad speaking. But I would like to know whether he is intervening in the debate as a Minister, or he is speaking as a Member.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): He is speaking as a Member of the House.

SHRI E. BALANANDAN: Both capacities.

SHRI MD. SALIM: This is an extraordinary situation.

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): This is not extraordinary. Ministers have spoken earlier. (*Interruptions*) Apart from being a Minister, I am also a Member of this House.

DR. BIPLAB DASGUPTA (West Bengal): please go ahead.

**श्री गुलाम नबी आजाद :** मैडम, कल दो सदस्यों ने यहां पर चर्चा की और विशेषरूप से मेरा नाम लेकर बात कही। सुषमा स्वराज जी ने और जेठमलानी जी ने, उन्होंने कोई बुरी बात नहीं कही, बल्कि दोनों ने बहुत ही अच्छा भाषण दिया, अगर मैं ऐसा कहूं तो कोई गलत नहीं होगा। लेकिन एक चीज उन्होंने कही थी कि मंत्रिमंडल में रहकर मैंने कहा था—उनके अनुसार कि मैं सरकार को गिरा दूंगा। शायद यह किसी दूसरे ने कहा हो लेकिन मैंने कभी यह नहीं कहा कि मैं सरकार को गिराऊंगा। मैंने हमेशा कहा कि मैं सरकार से इस्तीफा दे दूंगा।

**श्री लक्खीराम अग्रवाल (मध्य प्रदेश) :** दूसरे मंत्री ने कहा।

**श्री गुलाम नबी आजाद :** मैं अपनी बात कर रहा हूं। यह मैं क्लियर बताना चाहता हूं कि मैंने कभी यह नहीं कहा कि मैं सरकार को गिराऊंगा। मैंने कहा कि मैं सरकार से निकल जाऊंगा। दोनों में बहुत अंतर है, सरकार से अपने आप को निकालना और सरकार को गिराना, यह टाडा होने और टाडा न होने के बराबर है।

जहां तक टाडा का सवाल है मैं इस हाउस के सभी सदस्यों के साथ हूं, चाहे वे विपक्ष के साथ हों या कांग्रेस पार्टी के साथी हों, मेरे ख्याल में सभी इस कानून के दुरुपयोग के खिलाफ है । शब्द टाडा के खिलाफ कोई नहीं है, न सरकार है, न अपोजीशन के सदस्य हैं और न लैफ्ट लिंग पार्टी के सदस्य है । सब इसके दुरुपयोग के खिलाफ हैं । इसका जो दुरुपयोग हुआ, उसकी वजह से सरकार आज इस बात पर मजबूर हुई कि इस कानून को आज खत्म किया जाए । . . . (व्यवधान) . . . प्लीज । आपको मैंने कुछ कहा नहीं । मैं दो दिन से आपको सुन रहा हूं ।

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय** (उत्तर प्रदेश) : अब तो टाडा नहीं है, अब तो बोलने दीजिए ।

**श्री गुलाम नबी आजाद** : मैं प्रधान मंत्री जी को बधाई देता हूं, आप तो क्या शायद हमारी पार्टी के भी बहुत से सदस्य नहीं जानते कि 1993 में वर्किंग कमेटी में पहली दफा इस मसले को मैंने उठाया था । प्रधान मंत्री जी को मैंने आंकड़े दिए थे । मेरे साथी धवन जी यहां बैठे हुए हैं, 1993 में मैंने कहा था । मैं सुन रहा हूं कि ऐसा कहा जा रहा है कि मंत्री जी इसलिए इस्तीफा दे रहे हैं क्योंकि इलेक्शन आने वाले हैं । लेकिन 1993 में, आज से ढाई साल पहले इलेक्शन की कोई बात नहीं थी और उस वक्त ऐसा सोचकर चर्चा करने का कोई मतलब नहीं था । जब प्रधान मंत्री जी को मैंने इस ओर ध्यान दिलाया--उनको इस लिए देता हूं बधाई कि उन्होंने कहा कि वर्किंग कमेटी की मीटिंग शाम को खत्म होने से पहले मैं आपको बताऊंगा कि किस स्टेट में क्या हालत है । शाम तक, वर्किंग कमेटी की मीटिंग खत्म होने से पहले कुछ राज्यों से उन्होंने आंकड़े मंगाए और दूसरे दिन उन्होंने कहा कि हमारे साथ बैठिए, हम सारे राज्यों को लिखेंगे, जहां-जहां इसका दुरुपयोग हो रहा है और प्रधान मंत्री जी ने 1993 में यह प्रयास किया । उन्होंने मुख्य मंत्रियों से बात की और उनको लिखा, उनसे टेलीफोन पर बात की कि इसकी जांच पड़ताल करवाई जाय कि क्या इसका दुरुपयोग हो रहा है । आज हम देखते हैं और बहुत सारे हमारे साथियों ने यहां बताया कि 70571 केसेज थे और इनमें से 60 हजार छूट गए हैं और जेलों में सिर्फ 5000 लोग है । ऐसा नहीं है, कांग्रेस पार्टी ने इसको उठाया और प्रधान मंत्री ने इस पर रीऐक्ट किया और 1993 से लेकर आज तक 70.50 हजार की संख्या 5 हजार तक पहुंच गयी है । तो यह प्रयास हम लोगों ने किया । जो हमारे साथी हैं, उनको शायद इसकी जानकारी नहीं है ।

DR. BIPLAB DASGUPTA: Seventy thousand is the cumulative figure. It is not that it was 70,000 earlier and that it came down to 50,00.... (*Interruptions*)....

That is not the case. I am making a statistical point. It is the cumulative figure for the entire period.

SHRI GHULAM NABI ABAD: I am just saying that it has not gone beyond that at any point in time.

DR. BIPLAB DASGUPTA: It is a cumulative figure from the beginning until now.

SHRI GHULAM NABI AZAD: That was the maximum number at any particular time.

DR. BIPLAB DASGUPTA: No, no, it was not the maximum number. It is the total until now.

SHRI GHULAM NABI AZAD: Please. I will speak. You can correct me... (*Interruptions*).

Here is the Home Minister. Let us leave that to the Home Minister. He will correct it.
(*Interruptions*)....

DR. BIPLAB DASGUPTA: I am making a statistical point. I am not making a political point.

THE VICE-CHAIRMAN: (MISS SAROJ KHAPARDE): Okay, your point is over now.

SHRI GHULAM NABI AZAD: I am just saying that the Home Minister will correct me. But, I came to know at that time that the number was plus 70,000. Efforts were made by the Prime Minister. No less a person than the Prime Minister was in touch with various Chief Ministers, and the outcome of that is that the number has come down to 5,000.

4 P.M. लेकिन ज्यों ज्यों मैं कई राज्यों मे घूमता गया मुझे लोगों ने बताया और उनकी पीड़ा, उनका दर्द, उनका दुख देख कर मेरा मन और भी भरता गया । यही कारण है कि अप्रैल, 1994 में 13 महीने पहले जब दिल्ली में आल इंडिया उर्दू कान्फ्रेंस हो रही थी 23-24 अप्रैल, को, उसमें हमारे साथी राज बब्बर भी थे और बहुत सारे राजनीतिक दलों के साथी थे उसमें मैंने पहली दफा अपने इस्तीफे की बात कही थी । यह कोई इलेक्शन से जुड़ी हुई बात नहीं थी जिसको मैंने बार-बार कहा । मैं इस बात को दोबारा दोहराना चाहता हूं कि यह कोई पब्लिसिटी के लिए नहीं कह रहा हूं, इस बात के लिए कह रहा था, जितना हम देख रहे थे, मैं इस बात को भी क्लीयर करना चाहता हूं कि मैंने कभी इस बात को अल्पसंख्यकों से नहीं जोड़ा । मैंने हर वक्त दो साल लेकर आज तक हर मीटिंग में, हर सभा में, हर प्रेस कान्फ्रेंस में, हर पब्लिक मीटिंग में कहा है कि जहां अल्पसंख्यक इसमें बन्द हुए है वहां बहुसंख्यक लोगों को भी इसमें बंद किया गया है । झूठे तरीके से बंद किया गया है । (व्यवधान) नम्बर मैं नहीं देना चाहता क्योंकि प्रोपोर्शनेटली फिर यह बराबर हो जाता है, कम हो जाता है या ज्यादा हो जाता है लेकिन सवाल नम्बर का नहीं है कि कितने अल्पसंख्यक थे और कितने बहुसंख्यक थे, सवाल यह है कि जो इन्नोसेंट लोग थे, इन्नोसेंट लोग कौन होते हैं ? इसका इस्तेमाल या तो पुलिस के जरिए हुआ है या राजनीतिक नेताओं ने अपने विरोधियों को कमजोर करने के लिए या बदनाम करने के लिए या उनसे बदले की भावना से इस्तेमाल किया है चाहे वह मेरा दल हो या कोई तीसरा दल हो । मैं किसी पर इल्जाम नहीं लगाना चाहता हूं चाहे हमारे दल की सरकारें हों या किसी दूसरी अपोजीशन पार्टी की सरकारें हों । इसलिए हमारा जो रोष है वह टाडा शब्द के साथ नहीं है बल्कि शब्द जो दुरूपयोग हुआ है क्योंकि यह टाडा बना था टेररिस्ट्स के लिए टाडा बना था जो हिन्दुस्तान के खिलाफ हिन्दुस्तान की एकता और अखण्डता और स्वतंत्रता के लिए खतरा बने, उनके लिए टाडा बना था । यह राजनीतिक स्कोर सेटल करने के लिए नहीं बना था । पुलिस ने रिश्वत खाने के लिए पुलिस ने इसको धंधा बनाया था कि एक लाख दे दो, दो लाख रुपया दे दो नहीं तो टाडा में अन्दर चले जाओगे, इसके लिए टाडा नहीं बना था । आज हम इस बात का क्लीयर गृह मंत्री जी से निवेदन करना चाहते हैं कि जहां तक देश की एकता और अखण्डता का सवाल है, राष्ट्र की एकता और अखण्डता को जो भी खतरा पहुंचाने की कोशिश करेगा चाहे वह अल्पसंख्यक हो या बहुसंख्यक हो उसके लिए सब से सख्त टाडा तो क्या 100 टाडा के बराबर कानून बनना चाहिए । मेरे ख्याल में चाहे इस तरफ के सदस्य हों या उस तरफ के सदस्य हों, इसमें किसी को रोष नहीं होगा । मैंने आज तक हिन्दुस्तान में ऐसा आदमी नही देखा होगा विशेष रूप से अल्पसंख्यकों में जो मुझ से इस तरह की शिकायत करते आए हैं, जिन्होंने यह कहा हो कि इसको देशद्रोहियों के खिलाफ मत करिए । देशद्रोहियों के खिलाफ तो इससे भी जबरदस्त कानून होना चाहिए कानून तो क्या बल्कि शूट एट साइट होना चाहिए । क्योंकि बंद करते है तो फिर रेनराम मांगते है और भी मुसीबत करते हैं और लोगों को मारते हैं । इसलिए हमारे जेहन में क्लीयर होना चाहिए कि इसका दुरूपयोग कभी नहीं होना चाहिए । मैं गृह मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि जो कानून इस बदले मे लाएंगे, उसके लिए भी राज्य सरकारों को बताना चाहिए कि यह सिर्फ टेररिस्ट्स के लिए होना चाहिए और एंटी इण्डिया फोर्सेज जो राष्ट्र की एकता

और अखण्डता के लिए खतरा बने उनके खिलाफ इसका उपयोग होना चाहिए। गरीब लोगों के लिए इसका दुरूपयोग नहीं होना चाहिए।

DR. BIPLAB DASGUPTA: Madam, it is just a statistical point.

SHRI GHULAM NABI AZAD: You can ask the Minister.

DR. BIPLAB DASGUPTA: Madam, it is just a small point. The impression which has been created by the Minister's speech is that the arrests under TADA had reached a peak of 70,000 and then it came down to 5,000. The point is that 70,000 is for the entire period up to December, 1994. The point is this the figure is from the beginning of TADA, until December, 1994. That is the period. In total, 77,571 arrests were made. Out of that... (*Interruptions*).

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Dr. Biplabji, I have not given you permission. Please sit down... (*Interruptions*)... Will you please sit down now? Shri Jagmohanji.

SHRI JAGMOHAN (Nominated): Thank you, Madam.

